

जम्मू में बरस रही है बर्फ

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोकशक्ति

RNI Regn. No.7789/1964


प्रधानमंत्री ने जैन संत आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के समाधि लेने पर गहरा दु:ख व्यक्त किया


वर्ष-60 › अंक -55 रायपुर रविवार 19 फरवरी 2024 शुक्लपक्ष विक्रम संवत 2080 पृष्ठ 8 › मूल्य : 2 रू डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25


कार्यकाल विस्तार की हुई घोषणा

## नड्डा बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने रहेंगे

**नई दिल्ली,एजेंसी।**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के कार्यकाल विस्तार का ऐलान किया गया है. उनका कार्यकाल आगामी जून माह तक रहेगा।



इससे पहले, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जे.पी.नड्डा ने शनिवार को कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता संभालने के बाद से पार्टी तेजी से आगे बढ़ी है. उन्होंने पिछले दशक में प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना की जो पार्टी संगठन के लिए नई उपलब्धियों से भरा रहा है.

नड्डा ने यहां दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में मौजूद प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनाव के बाद मोदी सरकार हैट्रिक लगायेगी और लगातार तीसरी बार सत्ता बरकरार रखेगी. यहां प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन की दो दिवसीय बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और नड्डा सहित केंद्रीय मंत्री, पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री, राज्यों के मंत्री, राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पदाधिकारी, सांसद और विधायक सहित लगभग 11,500 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

# अब भाजपा में पार्लियामेंट्री बोर्ड ही सर्वेसर्वा

## पार्टी अध्यक्ष का करेगा चुनाव, अधिवेशन में प्रस्ताव पास

**एजेंसी।**

भाजपा में अब राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद को चुनाव के जरिए नहीं भरा जाएगा. यानी अब कार्यकाल पूरा होने पर पार्टी का पार्लियामेंट्री बोर्ड नए अध्यक्ष की नियुक्ति कर सकेगा. जानकारी के अनुसार पार्टी के संविधान में यह महत्वपूर्ण बदलाव राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रस्ताव पारित कर किया गया है.

प्रस्ताव के पास होने के बाद बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डु का कार्यकाल जून 2024 तक के लिए बढ़ा दिया गया है. इससे पहले वे जून 2019 में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बने थे. इसके बाद 20 जनवरी को पार्टी के पूर्णकालिक अध्यक्ष बना दिए गए थे. हालांकि उनका कार्यकाल नवंबर में हुए



विधानसभा चुनावों के बाद समाप्त हो रहा था. लेकिन उन्हें अगले आम चुनाव तक अध्यक्ष बनाने का फैसला अब किया गया है।

जानकारी के अनुसार भाजपा के संविधान की धारा 19 में राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की पूरी प्रकिया बताई गई है. अध्यक्ष का चुनाव राष्ट्रीय परिषद् करती है. हालांकि भाजपा को अभी तक चुनाव की नौबत आई नहीं है क्योंकि पार्टी आम सहमति से ही अब तक अध्यक्ष बनते आए हैं. इसी को बीजेपी आंतरिक लोकतंत्र भी कहती है.

भाजपा का अध्यक्ष बनने के लिए जरूरी है कि व्यक्ति कम से कम 15 साल तक पार्टी का प्राथमिक सदस्य रहा हो. संविधान के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन मंडल में राष्ट्रीय परिषद् और प्रदेश परिषद् शामिल होती है. ऐसे में निर्वाचक मंडल के कुल 20 सदस्य राष्ट्रीय अध्यक्ष की योग्यता रखने वाले व्यक्ति के नाम का प्रस्ताव रखते हैं.

भाजपा के संविधान की मानें तो आधे से ज्यादा राज्यों में चुनाव के बाद ही राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होता है. पार्टी की धारा 21 के अनुसार अध्यक्ष का कार्यकाल 3 साल का होता है. कोई भी व्यक्ति 3-3 साल के लिए पार्टी का अध्यक्ष रह सकता है।

---

### किसान आंदोलन : बॉर्डर पर पुलिस, स्थिति सामान्य, नहीं मिला रहा सभी संगठनों का साथ

**नोएडा/गाजियाबाद**

पंजाब और हरियाणा बॉर्डर पर एक तरफकिसानों से घमासान चल रहा है। बातचीत की कोशिश असफल हो रही है, पुलिस को आंसू गैस और बल का प्रयोग करना पड़ रहा है, तो दूसरी तरफ नोएडा और गाजियाबाद बॉर्डर पर पुलिस बल तो तैनात है, लेकिन स्थिति सामान्य है। इसकी सबसे बड़ी वजह है कि इस बार किसान आंदोलन को सभी किसान संगठनों का पूर्ण रूप से समर्थन प्राप्त नहीं है। इसीलिए हर बॉर्डर पर वह जोर दिखाई नहीं दे रहा है।

किसान आंदोलन को लेकर नोएडा और गाजियाबाद बॉर्डर पर भले ही पुलिस बल मौजूद हो, लेकिन पहले की तरह सख्ती देखने को नहीं मिल रही है। यातायात भी सामान्य रूप से चल रहा है। संयुक्त किसान मोर्चा और भारतीय किसान यूनियन ने भारत बंद का आह्वान किया था, लेकिन इसका खास असर देखने को नहीं मिला था।

तीसरी बार जीत कर भारत को बनाएंगे तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था,

## महाभारत की तरह इस चुनाव में भी दो खेमा : शाह

**एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि जिस तरह महाभारत के समय पांडव और कौरव दो खेमे थे, उसी तरह से इस बार के लोकसभा चुनाव में भी दो खेमा है, एक तरफपीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए का गठबंधन और दूसरी तरफ कांग्रेस के नेतृत्व में सारी परिवारवादी पार्टियों का घमंडिया गठबंधन.

उन्होंने कहा कि यह घमंडिया गठबंधन भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति का पोषक है और भाजपा एवं एनडीए गठबंधन राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत पर चलने वाला गठबंधन है. उन्होंने अयोध्या में बने भव्य राम मंदिर के निर्माण का श्रेय पीएम मोदी को देते हुए कांग्रेस के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल नहीं होने के लिए जमकर निशाना साधा. शाह ने लोकसभा चुनाव में जीतने का दावा करते हुए कहा कि तीसरी बार जीत कर भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएंगे।

राष्ट्रीय अधिवेशन की बैठक के दूसरे दिन रविवार को अमित शाह ने भाजपा देश की आशा और विपक्ष की हताशा नाम से प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि, 75 वर्ष में इस देश ने 17 लोकसभा चुनाव, 22




सरकारें और 15 प्रधानमंत्री देखें हैं. देश में हर सरकार ने अपने समय पर समयानुकूल विकास करने का प्रयास किया है. लेकिन आज वे बिना किसी कन्फ्यूजन के कह सकते हैं कि समग्र विकास, हर क्षेत्र का विकास और हर व्यक्ति का विकास करने का काम केवल मोदी के 10 वर्षों में हुआ है।

कांग्रेस को भ्रष्टाचार की जननी बताते हुए शाह ने कहा कि जब कांग्रेस इतना भ्रष्टाचार करती है, तो उसके सहयोगी भला क्यों पीछे रहेंगे. आम आदमी पार्टी ने शराब घोटाला, मोहल्ला क्लीनिक और न जाने कितने घोटाले किए. इन्होंने लोगों के मेडिकल टेस्ट करने में भी घोटाला किया और इसी वजह से आज इनका सारा नेतृत्व कोर्ट और एजेंसियों से दूर भाग रहा है.

उन्होंने कहा कि दलित, आदिवासी और पिछड़े समाज का एक वोटबैंक की तरह कांग्रेस और इंडी अलायंस ने बहुत उपयोग किया, लेकिन उन्हें पहली बार सम्मान और हिस्सेदारी देने का काम भाजपा की मोदी सरकार ने किया.

कांग्रेस को लोकतंत्र विरोधी और अस्थिरता का जनक बताते हुए शाह ने कहा कि सोनिया गांधी का उद्देश्य सिर्फ राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना है. लेकिन भ्रष्टाचार मुक्त और विकास युक्त शासन देने वाले पीएम मोदी ने पूरे देश के सामने 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित और आत्मनिर्भर भारत बनाने का लक्ष्य रखा है. शाह ने अपने प्रस्ताव में राहुल गांधी, कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर कई बड़े आरोप लगाते हुए मोदी सरकार की अनगिनत उपलब्धियों का भी जिक्र किया और साथ ही बार-बार भाजपा का समर्थन कर चुनाव में विजयी बनाने के लिए देश की जनता का आभार भी व्यक्त किया।

### भाजपा समाज के हर वर्ग के लिए पार्टी के लिये काम करती है : जेपी नड्डा

**नई दिल्ली ,** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने भारत मंडपम में भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन के समापन सत्र में अधिवेशन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अधिवेशन के समापन भाषण में भाजपा कार्यकर्ताओं को दिशा एवं दृष्टि देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के सभी लोग, आप और हम भी, अधिवेशन में पारित प्रस्ताव को गहराई से पढ़कर जनता के बीच ले जाएं। ये प्रस्ताव आने वाले चुनाव में एक मंत्र के रूप में काम करेगा। नड्डा ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में अनेकों दृष्टि से योजनाओं से लेकर भारतीय जनता पार्टी की राजनैतिक दृष्टि तक, पार्टी समाज के हर वर्ग के लिए पार्टी के काम आदि के बारे में विस्तृत चर्चा हुई है। हर छोटी-बड़ी बात की बारीकियों के बारे में इतने बड़े अधिवेशन में वृहत रूप से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन से पहले राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव की योजनाएं और चुनाव की दृष्टि से होने वाले कार्यो के बारे में चर्चा की गयी।

## असम सीएम हिमंता नंबर वन योगी बने दूसरे लोकप्रिय सीएम

**एजेंसी।** भारत के सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्रियों को लेकर किए सर्वे के परिणाम काफ ी दिलचस्प हैं। हाल ही में किए गए सर्वे के मुताबिक, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ देश के सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्रियों में दूसरे पायदान पर हैं। तीसरे नंबर पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा हैं। सर्वेक्षण के मुताबिक, पहले पायदान पर नाम काफी चौंकाने वाला है।

प्रदेश के मुख्यमंत्रियों के काम के आकलन को लेकर हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा ने मुख्यमंत्रियों के बीच लोकप्रियता रेटिंग के मामले में टॉप पांच में जगह बनाई है। सर्वेक्षण का उद्देश्य देश के मुख्यमंत्रियों की लोकप्रियता और स्वीकार्यता का आकलन करना था, जिससे कुछ दिलचस्प नतीजे सामने आए हैं।

सर्वेक्षण के अनुसार, ओडिशा



के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक 52.7 प्रतिशत की अप्रत्याशित लोकप्रियता रेटिंग के साथ पहले नंबर पर हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 51.3 प्रतिशत लोकप्रियता रेटिंग के साथ दूसरा स्थान हासिल किया है। तीसरे स्थान पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा हैं, जिन्होंने 48.6 प्रतिशत रेटिंग हासिल की है, जबकि चौथे स्थान पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल हैं, जिन्हें 42.6 प्रतिशत रेटिंग मिली है। वहीं, डॉ. माणिक साहा, 41.4 प्रतिशत लोकप्रियता रेटिंग के साथ पांचवे नंबर पर हैं।

---



## मौसम की मिलेगी सटीक जानकारी, ISRO ने श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया INSAT-xDS सैटेलाइट

**एजेंसी।** इसरो ने आज इनसैट-3डीएस को लांच कर दिया। इस सैटेलाइट के जरिए भारत के लिए मौसम की सटीक जानकारी जुटाना आसान होगा। इस सैटेलाइट को आज श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से लांच किया गया। नसैट-3 डीएस उपग्रह भूस्थैतिक कक्षा में स्थापित किए जाने वाले तीसरी पीढ़ी के मौसम विज्ञान उपग्रह का अनुवर्ती मिशन है, और यह पूरी तरह से पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित है।

गत एक जनवरी को पीएसएलवी-सी58/एक्सपोसैट मिशन के सफल प्रक्षेपण के बाद 2024 में इसरो का यह दूसरा मिशन है। इस उपग्रह का भार 2,274 किलोग्राम है। क्रियान्वित होने के बाद यह पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत विभिन्न विभागों-भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी), राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईओटी), राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र और भारतीय राष्ट्रीय समुद्र सूचना सेवा केंद्र को सेवा प्रदान करेगा। उपग्रह को ले जाने वाले रॉकेट की लंबाई 51.7 मीटर है।

इसरो ने कहा कि मिशन के प्राथमिक उद्देश्य हैं: पृथ्वी की सतह की निगरानी करना, मौसम संबंधी महत्व के विभिन्न वर्णक्रमीय चैनलों में समुद्री अवलोकन और उसके पर्यावरण को पूरा करना; वायुमंडल के विभिन्न मौसम संबंधी मापदंडों की ऊर्ध्वाधर प्रोफ़ाइल प्रदान करना; डेटा संग्रह प्लेटफार्मों (डीसीपी) से डेटा संग्रह और डेटा प्रसार क्षमताएं प्रदान करना; और उपग्रह सहायता प्राप्त खोज और बचाव सेवाएं प्रदान करना।

### जम्मू-कश्मीर पुलिस सुनिश्चित करेगी कि भविष्य में कोई भी युवा आतंकवाद में शामिल न हो : डीजीपी

**संवाददाता**

श्रीनगर जम्मू-कश्मीर के डीजीपी आर.आर. स्वैन ने शनिवार को बताया कि पुलिस एक योजना का पालन करेगी, ताकि भविष्य में कोई भी युवा आतंकवाद में शामिल न हो।

डीजीपी ने बारामूला शहर में जन शिकायत निवारण कार्यक्रम के मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा, ÷आने वाले दिनों में आप देखेंगे। हम यह सुनिश्चित करने के लिए एक योजना का पालन करेंगे कि जम्मू-कश्मीर में कोई भी युवा आतंकवाद में शामिल न हो। हम अपनी योजना को सफल बनाने के लिए माता-पिता,



शिक्षकों, नागरिक समाज और मस्जिद प्रमुखों के संपर्क में हैं।÷

डीजीपी ने कहा कि दाढ़ी बढ़ाने की उम्र से भी पहले युवा जब बंदूक उठाते हैं, तो वे शिकार बन जाते हैं। असली अपराधी वह हैं, जो इन युवा लड़कों के हाथों में बंदूक और पैसे थमाते हैं। हम उन लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने जा रहे हैं, जो इन युवाओं लुभाते हैं।÷

### मुश्किल में चंपई सरकार : कैबिनेट विस्तार के बाद 12 विधायक नाराज

**रांची संवाददाता।**

: झारखंड में चंपाई सोरेन कैबिनेट के विस्तार के बाद बगावत पर उतरे कांग्रेस के एक दर्जन विधायकों की मान-मनौवल की कोशिश फिलहाल नाकाम हो गई है। कांग्रेस के 8 विधायक आलाकमान से मिलने राजधानी पहुंच गए हैं, जबकि 4 अन्य विधायक रविवार सुबह रवाना होने वाले हैं।

सीएम चंपाई सोरेन भी दिल्ली गए हैं। उनका कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित पार्टी के अन्य नेताओं से मिलने का कार्यक्रम है। माना जा रहा है कि सीएम सोरेन की कांग्रेस अध्यक्ष से मुलाकात के दौरान कांग्रेस विधायकों की नाराजगी के मुद्दे पर बात हो सकती है। कांग्रेस के नाराज विधायकों की मांग है कि चंपाई सोरेन कैबिनेट में उनकी पार्टी से जिन चार लोगों को मंत्री बनाया गया है, उन्हें हटाकर नए चेहरों को मौका दिया जाए। ये चारों हेमंत सोरेन की सरकार में भी मंत्री थे, लेकिन इनमें से किसी का परफॉर्मेंस ऐसा नहीं है कि इन्हें दोबारा कैबिनेट में जगह दी जानी चाहिए थी।

इन नाराज विधायकों ने शनिवार को रांची के बिरसा चौक स्थित एक होटल में बैठक की। उन्हें मनाने के लिए मंत्री बसंत सोरेन भी वहां पहुंचे। उन्होंने विधायकों से बात की, लेकिन वे अपनी मांग से अड़े रहे। विधायकों ने कह दिया है कि अगर कांग्रेस कोटे के चारों मंत्रियों आलमगीर आलम, रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता और बादल को नहीं हटाया गया तो वे 23 फरवरी से होने वाले विधानसभा के बजट सत्र का बहिष्कार करेंगे।

---

भाजपा | हमें भारत को विकसित बनाना है

# 7सत्ता भोग के लिए नहीं मांग रहा तीसरा टर्म : मोदी

**लोकशक्ति। संवाददाता।**

भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन को पीएम मोदी ने संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की निष्ठा और समर्पण से हमें जनता-जनार्दन का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है। 2024 में तीसरी बार सरकार बनाकर हम जनसेवा और राष्ट्र सेवा का अप्रतिम इतिहास रचने जा रहे हैं। हमें सबका विश्वास हासिल करना है।

जब सबका प्रयास होगा तो देश की सेवा के लिए सबसे ज्यादा सीटें बीजेपी को ही मिलेगी ।बीजेपी के कार्यकर्ता सत्ता में रहने के बाद भी समाज के लिए इतना करते हैं, दिन रात दौड़ते हैं, सिर्फ और सिर्फ भारत माता की जय के लिए करते हैं। भाजपा का कार्यकर्ता साल के हर



दिन देश की सेवा के लिए कुछ न कुछ करता ही रहता है, लेकिन अब अगले 100 दिन नई ऊर्जा, नया उमंग, नया उत्साह, नया विश्वास, नए जोश के साथ काम करने का है।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि हम राजनीति के लिए नहीं राष्ट्रनीति के लिए निकले हैं। जिन लोगों को किसी ने नहीं पूछा, हमने उन्हें सिर्फ पूछा ही नहीं बल्कि उन्हें पूजा भी है। भारत ने आज हर क्षेत्र में जो ऊंचाई हासिल की है, उसने हर देशवासी को एक बड़े संकल्प के साथ जोड़ दिया है। ये संकल्प है विकसित भारत का। अब देश न छोटे सपनें देख सकता है और न ही छोटे संकल्प ले सकता है। अब सपनें भी विराट होंगे और संकल्प भी विराट होंगे। ये हमारा सपना भी है और संकल्प भी है कि हमे भारत को विकसित बनाना है। हम तो छत्रपति शिवाजी को मानने वाले लोग हैं। जब छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक हुआ तो उन्होंने ये नहीं किया कि सत्ता मिल गई तो चलो उसका आनंद लो। उन्होंने अपना मिशन जारी रखा।

मैं अपने सुख वैभव के लिए जीने वाला व्यक्ति नहीं हूं। मैं बीजेपी सरकार का तीसरा टर्म, सत्ता भोग के लिए नहीं मांग रहा हूं। मैं राष्ट्र का संकल्प लेकर निकला हुआ व्यक्ति हूं।

### धोखाधड़ी मामले में ट्रंप पर बड़ी कार्रवाई, कोर्ट ने ठोका 355 मिलियन डॉलर का जुर्माना

**न्यूयॉर्क ,एजेंसी।**

न्यूयॉर्क के एक न्यायाधीश ने नागरिक धोखाधड़ी मामले में डोनाल्ड ट्रंप को लगभग 355 मिलियन डॉलर का जुर्माना भरने का आदेश दिया है।




न्यायमूर्ति आर्थर एंगोरोन का यह फैसला न्यूयॉर्क में एक नागरिक मुकदमे के बाद आया, जो काफी नाटकीय था। ट्रंप और उनके वकील कोर्ट रूम के अंदर और बाहर जज के साथ बार-बार भिड़ते रहे। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति पर अगले तीन साल के लिए न्यूयॉर्क में कारोबार करने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह फैसला अनुकूल ऋणों को सुरक्षित करने के लिए ट्रम्प ऑर्गनाइजेशन द्वारा उपयोग की जाने वाली धोखाधड़ी वाली व्यावसायिक प्रथाओं के चलते आया है।

## संक्षिप्त खबरें...

### महाराष्ट्र मंडल में निःशुल्क स्वास्थ्य व रक्तदान शिविर

रायपुर। चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में 18 फरवरी को सुबह 9 बजे से स्वास्थ्य और रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है। वीर क्षत्रपति शिवाजी जयंती पर आयोजित यह शिविर संकल्प हॉस्पिटल सरोना और बालाजी रक्त केंद्र के सहयोग से लगाया जा रहा है। स्वास्थ्य समिति के प्रमुख अरविंद जोशी ने बताया कि रविवार को शिविर जनरल मेडिसिन के साथ स्त्री रोग और हड्डी रोग विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे। संकल्प हास्पिटल छत्तीसगढ़ आयुष्मान, बीएसकेवाय और सभी बीमा कंपनियों द्वारा मान्यता प्राप्त हॉस्पिटल है। जोशी ने बताया कि बालाजी रक्तदान केंद्र के लिए ब्लड डोनेट करने से सिकलसेल, थैलेसीमिया, हीमोफीलिया और गरीब-असहाय मरीजों को निशुल्क रक्त दिया जाता है। मंडल के अध्यक्ष अजय काले ने आजीवन सभासदों और समीपस्थ रहवासियों से शिविर में आकर सिद्धहस्त डॉक्टरों से अपनी स्वास्थ्य की जांच करवाकर आवश्यक परामर्श लेने की अपील की है। साथ ही रक्तदान करने की अपील की है।



### चाणक्या लॉ अकैडमी में बसंत उत्सव और सरस्वती पूजा का आयोजन

रायपुर। चाणक्या लॉ अकैडमी चाणक्या लॉ अकैडमी में धूमधाम



सेचाणक्या लॉ अकैडमी में 14 फरवरी को बड़े धूम धाम से सरस्वती पूजा और बसंत उत्सव मनाया गया और बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए माँ सरस्वती से आशीर्वाद माँगा गया । संस्था के संचालक नितिन नामदेव जी ने बताया कि वर्ष 2013 से लगातार बसंत पंचमी मनाया जा रहा है और पूर्ण अनुष्ठान के साथ पूजा अर्चना की जाती है और भोजन प्रसादी भी बच्चों को वितरित किया जाता है।

### भाजपा प्रदेश महामंत्रियों के कार्यों का विभाजन


भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़
प्रदेश कार्यालय

संगठनात्मक नियुक्ति

रायपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। वहीं भाजपा प्रदेश महामंत्रियों के कार्यों का विभाजन भी किया है।

# छत्तीसगढ़ के स्कूलों में अब 'न्योता भोजन'

- सामुदायिक भागीदारी से भोजन को अधिक पोषक बनाने की पहल
- न्योता भोजन, स्कूल में दिए जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं होगा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को दिए जाने वाले गर्म भोजन को सामुदायिक भागीदारी की बदौलत और अधिक पोषक बनाने की अभिनव पहल की गई है। शाला अवधि में विद्यार्थियों को भोजन प्रदाय करने के लिए संचालित प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना गाईडलाईन में सामुदायिक आधार पर तिथि भोजन के प्रावधान के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में इसे 'न्योता भोजन' के नाम से लागू करने का निर्णय लिया गया है।

न्योता भोजन का उद्देश्य समुदाय के बीच अपनेपन की भावना का विकास, भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि तथा सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना विकसित करना है। न्योता भोजन की अवधारणा सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यह पूरी तरह से स्वैच्छिक है और समुदाय के लोग अथवा कोई भी सामाजिक संगठन, स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं अथवा अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकेंगे। न्योता भोजन, स्कूल में दिए जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं होगा, बल्कि यह विद्यार्थियों को दिए जा रहे भोजन का पूरक होगा।

राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा महानदी भवन नवा रायपुर, अटल नगर से आज इस संबंध में सभी जिला कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। 'न्योता भोजन' के संबंध में विस्तृत निर्देश प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के दिशा निर्देश के अध्याय 12 में 'तिथि-भोजन' के नाम से दिये गये हैं, इसका पालन करना भी सुनिश्चित करें।

स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने जिला कलेक्टरों से कहा है कि 'न्योता भोजन' की अवधारणा एक सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यह विभिन्न त्यौहारों या अवसरों जैसे वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह और राष्ट्रीय पर्व आदि पर बड़ी संख्या में लोगों को भोजन प्रदान करने की भारतीय परम्परा पर आधारित है। समुदाय के सदस्य ऐसे अवसरों/त्यौहारों पर अतिरिक्त खाद्य पदार्थ या पूर्ण भोजन के रूप में बच्चों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन प्रदान कर सकते है। यह पूरी तरह स्वैच्छिक है और समुदाय के लोग अथवा कोई भी सामाजिक संगठन या तो पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं या अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में मिठाई, नमकीन, फल या अंकुरित अनाज आदि के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकते हैं। ध्यान रहे न्योता भोजन शाला में दिये जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं है, बल्कि यह केवल शाला में प्रदान किये जाने वाले भोजन का पूरक है। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना में समुदाय की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिये छत्तीसगढ़ राज्य में न्योता भोजन की अवधारणा रखी गई है, जिसमें प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना से लाभांवित हो रहे बच्चों को अतिरिक्त खाद्य पदार्थ या पूर्ण भोजन के रूप में पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन प्रदान किया जा सकेगा। इसके तहत समुदाय के सदस्य किचन के बर्तन भी उपलब्ध करा सकते है।

**संभावित दाताओं की पहचान-** समुदाय में ऐसे दान दाताओं की पहचान की जा सकती है जो रोटेशन में माह में कम से कम एक दिन शाला में 'न्योता भोजन' करा सके। दान दाताओं को प्रोत्साहित करने के लिये उन्हें शाला की प्रार्थना सभा अथवा वार्षिक दिवस में सम्मानित किया जाए। भोजन दान की प्रकृति को महादान के रूप में प्रचारित किया जाना चाहिए, जिसमें पूरे विद्यालय अथवा किसी कक्षा विशेष के बच्चों को 'न्योता भोजन' कराया जाता है। 'न्योता भोजन' के दिन दान-दाता को शाला में आमंत्रित किया जाए। 'न्योता भोजन' की घोषणा प्रार्थना के दौरान की जाए। घोषणा में दान-दाता के नाम की भी घोषणा की जा सकती है अथवा उन्हें आमंत्रित किया जा सकता है।

**'न्योता भोजन' के अन्तर्गत प्रदान की जाने वाली सामग्रियां-** प्रदान की जाने वाली सामग्री में शाला के लिये पूर्ण भोजन, कक्षा विशेष के लिये पूर्ण भोजन अथवा अतिरिक्त पोषण आहार हो सकता है। इसके अतिरिक्त पूर्ण या अतिरिक्त पोषण हेतु सामग्री प्रदान की जा सकती है जिसे शाला के रसोईयों के द्वारा बनाकर बच्चों को परोसा जा सकता है। दान-दाताओं द्वारा प्रदान किया जाने वाला खाद्य पदार्थ अथवा सामग्री उस क्षेत्र के खान-पान की आदत (फुड हैबिट) के अनुसार होनी चाहिए। पूर्ण भोजन की स्थिति में नियमित रूप से दिये जाने वाले भोजन के समान बच्चों को दाल, सब्जी और चावल सभी दिया जाना है। फल, दूध, मिठाई, बिस्किट्स, हलवा, चिक्की, अंकुरित खाद्य पदार्थ जैसे सामग्री, जो बच्चों को पसंद हो का चुनाव अतिरिक्त पूरक पोषण सामग्री के रूप में किया जा सकता है।

## तिल्दा में टीबी उन्मूलन शिविर लगा




**रायपुर।** विकासखंड तिल्दा में, रायपुर जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथलेश चौधरी के आदेश अनुसार, खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ उमा पैकरा के मार्गदर्शन में, टीबी उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत ,संभव प्लांट तिल्दा के द्वारा, 15 टीबी के मरीजों को निश्चय मित्र बनकर पोषण आहार वितरण किया गया। संभव प्लांट की सीनियर जी एम डॉक्टर लोकेश दत्त शर्मा की उपस्थिति में सभी वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा पोषण आहर का वितरण कर टीबी के मरीजों को प्रोटीन युक्त आहार देकर उन्हें उज्जवल भविष्य की कामना के साथ-साथ सफल आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में रिच संस्था टीबी प्रोग्राम डॉक्टर सरल सिंघानिया एवं सौरव शर्मा सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

इस अवसर पर ब्लॉक से ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक ममता सुनामी उपस्थित रहीं। साथ ही साथ आज से शुरू होने वाले शिशु संरक्षण माह का उद्घाटन भी बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाकर किया गया।


## गौ हत्या बंद हो,यज्ञाचार्य -राजेंद्र प्रसाद



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी के पुरानी बस्ती में स्थित प्राचीन राजराजेश्वरी महामाया मंदिर सार्वजनिक न्यास समिति के तत्वाधान में गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित 10 फरवरी से यज्ञाचार्य पं राजेंद्र प्रसाद तिवारी थान खमरिया वाले तथा मंदिर के आचार्य पं लालजी त्रिपाठी के आचार्यत्व में अनेक ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोचार के साथ हवन कराया जा रहा है।न्यास समिति के सदस्य पं विजय कुमार झा ने बताया है कि शुक्रवार सप्तमी के पावन तिथि पर मां कालरात्रि स्वरूपा भगवती का विशेष श्रृंगार एवं पूजन किया गया। आज नर्मदा जयंती के पुण्य अवसर पर मां नर्मदा का विशेष स्मरण यज्ञार्थियों को कराया गया। गुप्त नवरात्रि के दौरान गौ हत्या, व गो तस्करी बड़ी मात्रा में हो रहे हैं। यज्ञाचार्य पं राजेंद्र प्रसाद तिवारी ने कहा केवल गौ माता की जय बोलने से आत्म शुद्धि नहीं मिलेगी। बल्कि गौ हत्या व गौ तस्करी कड़ाई से बंद हो और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो। यज्ञ में प्रतिनिधि स्वरूपेण अध्यक्ष आनंद शर्मा, दुर्गा प्रसाद पाठक मंदिर व्यवस्थापक, महेंद्र पांडे ग्राम व्यवस्थापक, कोषाध्यक्ष विजय शंकर अग्रवाल, व्यास नारायण तिवारी, ललित तिवारी, शेखर दुबे, कृपाराम यदु, उपेंद्र शुक्ला, सत्यनारायण अग्रवाल, सूरज फुटान, कुंजलाल यदु, मंदिर पुजारी श्रीकांत पाण्डेय, मनोज शुक्ला, लक्ष्मीकांत पांडे आदि यज्ञ में मुख्य यजमान की भूमिका अदा कर रहे हैं। दूसरी ओर मंदिर की संपूर्ण व्यवस्था लक्ष्मण प्रसाद उपाध्याय, पं भावेश शुक्ला, विवेक दुबे, देवेंद्र शर्मा, दिलीप अग्रवाल,अज्जू ,पिंटू अग्रवाल, संध्या संतान प्राप्ति की कामना वाले दंपति को प्रतिदिन संध्या 6:30 बजे यज्ञ आरती के बाद खीर प्रसाद वितरित किया जा रहा है। आज मंदिर परिसर यज्ञ स्थल पर रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने संध्या यज्ञ का पुण्य फल प्राप्त कर मां भगवती से आशीर्वाद प्राप्त किया।

# क्राईम रिपोर्ट

# फर्जी कॉल सेंटर का भांडाफोड़, 3 आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** फर्जी कॉल सेंटर के जरिए आम लोगों को धोखधड़ी के शिकार बना कर लाखों रूपए की अफरा तफरी करने वाले दो बदमाशो को पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं वहीं पकड़े गए बदमाशो से आगे की पुछताछ चल रहीं हैं। पुलिस सूत्रों मिली जानकारी के अनुसार हेमंत कुमार साहू ने थाना डी.डी.नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह सुपेला दुर्ग में रहता है तथा उसके साढ़ू साउथ कोरिया में रहते है तथा कभी-कभी अपने सुन्दर नगर स्थित मकान में रहने आते है। दिनांक 12.01.2023 को प्रार्थी के साढ़ू ने प्रार्थी को फोन कर बताया कि जब वह साउथ कोरिया से अपने घर एस.बी.आई कालोनी, सुंदर नगर रायपुर आया था उस दौरान अज्ञात मोबाईल नम्बर 917252953379 व 918447453329 के धारक द्वारा स्वयं का नाम विपुल बताकर फ्यूचर जेनराली लाइफइंश्योरेंस कम्पनी का एजेंट होना बताते हुए प्रार्थी के साढ़ू द्वारा लिये गये उक्त कम्पनी के पॉलिसी का वार्षिक प्रीमियम को भरने हेतु लगातार फोन एवं व्हॉट्सएप मैसेज किया जाने लगा। उक्त मोबाईल नम्बर के धारकों द्वारा प्रार्थी के साढ़ू को अपने झांसे में लेने हेतु बीमा कम्पनी की पॉलिसी प्रीमियम की जानकारी इस ईमेल आईडी Futuregeneralilifeinsurance @protonmail-com का उपयोग करके भी प्रार्थी के साढ़ू से साझा की गई थी। जिस पर प्रार्थी के साढ़ू द्वारा अज्ञात मोबाईल नम्बर के धारको पर विश्वास कर दो बीमा पलिसी के प्रीमियम कुल रकम 16,00,000/- बैंक एकाउंट ट्रांसफर के माध्यम से दिए उक्त अज्ञात मोबाईल नम्बर के धारकों के बताये उनके खातें में ट्रांसफर किया गया। प्रार्थी के दूसरी पॉलिसी के प्रीमियम के भुगतान पश्चात् अज्ञात मोबाईल नम्बर के धारकों द्वारा प्रार्थी को पुनः फोन किया और प्रार्थी के साढ़ू को कहा कि उसने राशि गलत खाते में ट्रांसफर कर दी है, और पुनः 7 लाख भेजने के लिए एक दूसरे खाता नम्बर दिया। उक्त कम्पनी के वास्तविक एजेंट नितिन अत्री ने प्रार्थी के साढ़ू के द्वारा किये भुगतान का विवरण अपने कम्पनी में चेक किया तो उसने बताया कि बीमा कंपनी का वास्तविक खाता नंबर और उसके द्वारा भुगतान किए गए बैंक खाते का विवरण अलग-अलग है। इस प्रकार प्रार्थी के साढ़ू को अज्ञात मोबाईल नम्बरों के धाराकों द्वारा बिमा कम्पनी का पॉलिसी जमा करने के नाम पर 16,00,000/- रूपये की ठगी की गई थी। जिस पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना डी.डी. नगर में अपराध क्रमांक 21/24 धारा 420 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 03 नग मोबाईल फोन एवं विभिन्न बैंक के ए.टी.एम कार्ड, नगदी रकम 2,50,000/- रूपये एवं दीगर प्रांत सतना, रीवा, देवास के विभिन्न फर्जी बैंक अकाउण्ट के खाते की जानकारी प्राप्त हुई है जिसमें करोड़ो रूपये का लेन-देन होना पाया गया है।

## हीरापुर में 5 किलो गांजा के साथ एक युवक गिरफ्तार...



रायपुर एसपी संतोष सिंह के दिशा निर्देश पर निजात अभियान के तहत नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नारकोटिक्स एक्ट पर प्रभावी कार्यवाही करने एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की विशेष टीम का गठन किया गया है साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को नशे की सामाग्री बिक्री करने वालों एवं सप्लाई करने वालों पर कठोर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में 15 फरवरी को थाना कबीर नगर पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई कि हीरापुर बंगाली होटल के पास दलवीर सिंग नामक व्यक्ति अपने पास गांजा रखा है तथा ब्रिकी करने की फिराक में है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम जय प्रकाश बढ़ई, नगर पुलिस अधीक्षक आजाद चौक मयंक गुर्जर (भा.पु.से.) द्वारा प्रभारी कबीर नगर को सूचना की तस्दीक कर आरोपी को गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना कबीर नगर पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति की पतासाजी कर उन्हें चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम दलबीर सिंग निवासी वीरसावरकर नगर हीरापुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उनके पास रखे थैले की तलाशी लेने पर थैले में गांजा रखा होना पाया गया।

## 6 पशु तस्कर गिरफ्तार,गिरोह बहुत दिनों से गौधन की तस्करी कर रहा था



छत्तीसगढ़ गौ सेवा अधीनियम के तहत पशुओं की तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने 2 अंतर्राज्यीय आरोपी सहित 6 आरोपी गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने बताया कि यह गिरेह काफी दिन से गौधन की तस्करी कर रहा था । पुलिस के अनुसार शिवम ठाकुर पिता सुधीर ठाकुर के द्वारा थाना आमानाका में रिपोर्ट दर्ज कराया गया की वह गौ सेवा समीति से जुड़ा हुआ है। 13 फरवरी एवं 14 फरवरी के दरम्यानी रात्रि में ट्रक क्रमांक 1338 में 83 कृषक पशुओं को क्ररुता पूर्वक भरकर कत्लखाना ले जाया जा रहा की उसे सूचना प्राप्त हुई। उक्त संबंध में पुलिस को सूचना देने व वस्तुस्थिति से अवगत कराने हेतु वह अपने सहयोगियों के साथ ट्रक वाहन को पता करने हेतु पहुंचे। जो आरोपियों द्वारा खारून नदी पुल के पास वाहन रोककर चालक एवं सहायक वाहन को छोडकर भाग गये। उक्त घटना की सचूना आमानाका थाने दिये जाने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा मवेशी से भरे ट्रक का बारिकी से निरीक्षण करने के साथ-साथ ट्रक के वाहन नंबर को चेक करने पर ट्रक में कुल 83 मवेशी भरे गये थे जिसमें से 11 पशु मृत हो गये थे। वाहन का नंबर प्लेट को पलट कर देखने पर सामने की ओर ै 12 न्म् 1338 तथा पीछे नंबर ज्ञ। 07 ठ 6331 भी लिखा हुआ था। जिस पर प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना आमानाका में अपराध क्रमांक 83/2024 धारा 283, 420, 467, 468, 471 भा.द.वि. एवं पशु परिवाहन नियम की धारा 47 (ए), 54(1), 54(2), 54(3) तथा पशुओं के प्रति क्ररुता निवारण अधिनियम 1960 के धारा 11 तथा छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिक्षण अधिनियम 2004 कि धारा 4, 6, 7, 9, 10, 11 का अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपियों के पता तलाश के क्रम में द्वारा कृषक पशुओं के मालिकों की जानकारी एकत्र कर पशु मालिकों से पूछताछ करने पर जानकारी प्राप्त हुई की थाना आरंग क्षेत्र के कुछ पशु मालिकों द्वारा पशुओं को मंदिर हसौद ग्राम कुकरा निवासी खेमचंद साहू को बिक्री किया गया है। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा खेमचंद साहू की पतासाजी कर पकड़कर कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा धमतरी सिहावा ग्राम पाईभाठ निवासी ओंकार कुर्रे को 24 पशु बिक्री करना बताया गया। जिस पर टीम के सदस्यों को धमतरी सिहावा रवाना किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा धमतरी सिहावा पहुंचकर ओंकर कुर्रे की पतासाजी कर पकड़ा गया। प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर ओंकर कुर्रे से कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि वह स्थानिय स्तर पर पशुओ को खरीद कर महासमुंद के भटूंण्डा बाजार जिला-नूआपाड़ा उड़ीसा में हैदाराबाद निवासी ईब्राहिम कुरैशी एवं उसके साथियों को बेचना बताया। जिस पर तकनिकी विश्लेषण के माध्यम से ईब्राहिम को लोकेट करने के प्रयास किये जा रहे थे इसी दौरान टीम के सदस्यों को ईब्राहिम को उड़ीसा के नवरंगपुर में लोकेट किया गया।

जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एक विशेष टीम गठन कर टीम के सदस्यों को नवरंगपुर उड़ीसा हेतु रवाना किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा नवरंगपुर उड़ीसा पहुंच कर ईब्राहिम कुरैशी की पतासाजी करते हुए ईब्राहिम कुरैशी एवं उसके अन्य साथी शाहनवाज को पकड़ा गया। उनसे पूछताछ तकनीकी विश्लेषण के आधार पर अन्य

## धारदार चाकू के साथ 1 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर 6 फरवरी को थाना सरस्वती नगर पुलिस की टीम द्वारा थाना सरस्वती नगर राम दरबार के पास केनाल रोड मे एक व्यक्ति अपने हाथ में धादार चाकू लेकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका कर आतंकित करते हुये आरोपी अमित गुप्ता पिता कमलेश गुप्ता उम्र 20 साल निवासी कृष्णा नगर थाना सरस्वती नगर रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखे 01 नग स्टील का धारदार चाकू जप्त कर आरोपी के विरुद्ध थाना सरस्वती नगर में अप. क्र. 50 / 24 धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

## अपराधी रोहित व रूबी सिंह तोमर का एकाउंटेंट गिरफ्तार



राजधानी पुलिस की टीम ने आदतन बदमाश रोहित सिंह तोमर एवम रूबी सिंह तोमर के एकाउंटेंट को गिरफ्तार किया हैं पुलिस ने बताया कि लेन-देन के मामले में काफी दिन से तलाश चल रहीं थी । पुलिस ने बताया है कि जय कुमार बदलनी पिता अशोक कुमार बदलनी उम्र 35 वर्ष निवासी जमा मस्जिद के सामने हलवाई लाइन थाना सिटी कोतवाली रायपुर द्वारा लिखित शिकायत प्रस्तुत किया गया जिसमें प्रार्थी द्वारा रोहित सिंह तोमर एवं रूबी तोमर से अपने ज्वेलरी दुकान में पैसे की कमी होने से ?5,00,000/ ब्याज में कर्ज के तौर पर लिया जिसका 1,75,000/रुपए उन्होंने तत्काल ब्याज के तौर पर जमा कर दिया बाकी 3,25,000/ रुपए किस्तों में दिया गया लेकिन तोमर भाईयो द्वारा लगातार ?5000 ले जाते थे जिसका हिसाब करने कहने पर उनके द्वारा अभी और पैसा है कर चले जाते थे एवं सोना खरीदने पर कुछ रकम देकर बाकी हिसाब में जोड़ देना कह कर चले जाते थे इस प्रकार उनके द्वारा हिसाब करने पर 2,05,00,000/ रुपए का हिसाब है नहीं देने पर उनके बेटे को जान से मारने की धमकी देने लगे जिस पर अपराध सदर पाए जाने से थाना सिटी कोतवाली रायपुर में अपराध क्रमांक 215/19 धारा 384,327,506बी,34 भा.द.वि. पंजीबद किया गया।

## गांजा तस्करी के आरोप में अंतर्राज्यीय आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** पुलिस अधीक्षक रायपुर की पहल निजात अभियान के अंतर्गत गांजा तस्करी के आरोप में एक अंतर्राज्यीय आरोपी को गिरफ्तार किया गया हैं जो काफी समय से शहर में गांजा की सप्लाई कर रहा था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक थाना टिकरापारा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई की थाना टिकरापारा क्षेत्रांतर्गत पचपेडीनाका ओव्हर ब्रीज के पास एक व्यक्ति अपने पास गाजा रखा है तथा बिकी करने की फिराक में है। थाना टिकरापारा पुलिस टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना मनोज कुमार पिता सत्यराम उम्र 32 साल निवासी ग्राम सेमरा पूर प्रसाद पोस्ट सेमरा पुरे परसाद बस्ती उत्तर प्रदेश का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखे बैग का तलाशी लेने पर बैंग में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 5.700 किलोग्राम गांजा कीमती लगभग 50,000/रु जप्त कर आरोपी के विरुद्ध थाना टिकरापारा में नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध कमांक 133/24 धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

## खास खबर

### बालकोनगर के ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे रहवासियों को वनाधिकार पट्टा मिला

**कोरबा।** बालको नगर के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले कई सालों से रहने वाले लोगों को सरकार के द्वारा वन भूमि का अधिकार पत्र दिया गया है। इस जमीन को खेती के लायक बनाने के लिए काम किया जा रहा है। बालको नगर के आसपास ऐसे कुछ मामलों में लोगों ने डिप्टी रेंजर पर रुपए मांगने का आरोप लगाया है। इस मामले के लिखित शिकायत कलेक्टर से की गई है। शुक्रवार को सराईपाली गांव के रहने वाले लोग अपनी शिकायत को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। जिला कार्यालय पहुंचे लोग बालको नगर वन परिक्षेत्र के नजदीकी गांव के रहने वाले हैं। इन लोगों की शिकायत है कि सरकार ने इन्हें वन अधिकार पत्र तो दे दिया है लेकिन अब वह अपनी ही जमीन को खेती किसानी करने लायक बनाने के चक्कर में अवैध वसूली का शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क के नजदीक उनकी जमीन है। राजस्व का दायरा भी यहां से लगा हुआ है और इसी की आड़ लेकर वन विभाग के डिप्टी रेंजर और बीट गार्ड रुपए की मांग कर रहे है। बताया गया कि इलाके में ईंट-भट्टी से लेकर कई प्रकार के अवैध काम चल रहे हैं। इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। और सब उच्च अधिकारियों के सांठगांठ से चलती है ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने इस मामले में काफी परेशानी होने की जानकारी प्रशासन के अधिकारियों के साथ-साथ मीडिया को दी है। ग्रामीणों की मांग है कि अवैध रूप से उगाही करने वाले वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

### छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल ने अंतरक्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी अन्तरक्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का श्रम कल्याण केंद्र कोरबा पूर्व के मैदान में आज दोनों सेमीफ़ाइनल और फाइनल का खेल संपन्न हुआ। पहले सेमीफ़ाइनल में पहला कोरबा पश्चिम विरुद्ध मड़वा के मध्य हुआ जिसमें कोरबा पश्चिम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए एकतरफ़ 41 -11 के अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफ़ाइनल कोरबा पूर्व एवं बिलासपुर के मध्य हुआ इस खेल में बिलासपुर ने कलात्मक खेल का प्रदर्शन कर 26 अंक ( 31-05)से मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल का मैच प्रथमार्ध में टेक्निकल खेल का प्रदर्शन किया और स्मध्यांतर तक स्कोर में बिलासपुर की टीम 3-1 से आगे थी। मध्यांतर के बाद कोरबा पश्चिम ने खेल रणनीति में परिवर्तन किया सुर जहाँ बिलासपुर 7 अंक से आगे थी कोरबा पश्चिम के खिलाड़ी अनुज ने सुपर रेड करते हुए खेल में अपने टीम की ज़बरदस्त वापसी की। आखिर में पूर्व विजेता कोरबा पश्चिम ने अंतिम मिनट में ज़बरदस्त उतार चढ़ाव भरे मैच को मात्र 1 अंक (13-12) से जीतकर पुन: छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी अन्तरक्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता की विजेता बनी। दर्शकों ने एक उत्कृष्ट दर्जे के खेल का आनन्द लिया सुर- संगीत से खिलाड़ियों को भरपूर प्रोत्साहित किया। मुख्य अथिति आशीष श्रीवास्तव (मुख्य अभियंता)ने पुरस्कार समारोह में खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया दोनों टीमो को बधाई दी सभी टीमों को अच्छे खेल का प्रदर्शन कर पुन: हौसला अर्जित करते हुए मंज़िल प्राप्त करें। समिति के सदस्यों प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जिन्होंने भी सहयोग दिया है सभी को खेल के सभी क्षेत्र में हाथ बटाने हेतु सभी खिलाड़ी दर्शकों को तहे दिल से धन्यवाद दिया।

# सिरपुर महोत्सव 24 से 26 फरवरी तक, इंडियन आइडल फेम और लेजर शो होगा मुख्य आकर्षण

## कलेक्टर प्रभात मलिक ने सिरपुर पहुंच कर लिया तैयारियों का जायजा, पहली बार होगा महानदी आरती का आयोजन

महासमुंद। ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पुरातात्विक नगरी सिरपुर में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव की तैयारियां जोरो पर है। कलेक्टर प्रभात मलिक ने इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत सीईओ को नोडल अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी श्री उमेश साहू सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा अन्य संबंधित अधिकारियो को सफल आयोजन के लिए दायित्व सौपे गए हैं।




कलेक्टर प्रभात मलिक आज शाम सिरपुर स्थल पहुँच कर सिरपुर महोत्सव के आयोजन के लिए की जा रही तैयारियों का पुन: जायजा लिया। उन्होंने सिरपुर अंतर्गत विभिन्न स्थलों का मुआयना करते हुए सुव्यवस्थित आयोजन के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर मलिक ने तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव में साफ-सफाई, पार्किंग, शौचालय, पेयजल आदि की चाक चौबंध व्यवस्था के लिए की जा रही तैयारी का जायजा लिया।

उन्होंने मुख्य मंच तक पहुंचने के लिए पर्याप्त जगह छोड़ने तथा व्यवस्थित बाजार व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने महोत्सव के दौरान सिरपुर सहित स्थानीय व्यवसायियों को दुकान आबंटन के लिए प्राथमिकता दी जाएगी।

इस महोत्सव में स्थानीय एवं छत्तीसगढ़ी स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखरेगी। इसके लिए प्रदेश के ख्याति प्राप्त लोक कला मंचों से सम्पर्क किया जा रहा है। राज्य के ख्यातिनाम कलाकारों में सुप्रसिद्ध गायिका आरू साहू, प्रख्यात गायक सुनील सोनी सहित अन्य कलाकारों से संपर्क किया जा रहा है।

वहीं इंडियन आइडल फेम अभिजीत सांवत द्वारा भी प्रतुति देने की संभावना है। इसके अलावा सांस्कृतिक और ऐतिहासिक नगरी सिरपुर के पुरातात्विक इतिहास को लेजर शो के माध्यम से दिखाने की तैयारी चल रही है। महोत्सव के दौरान पहली बार महानदी आरती आयोजन किया जाएगा, इसके लिए भी तैयारी निर्देश दिए गए हैं। विभिन स्थलों में स्वागत गेट भी लगाया जाएगा। मंदिरों में आकर्षक लाइटिंग की जायेगी। कलेक्टर ने महोत्सव स्थल में स्थाई रूप से बाजार शेड और अन्य विकास कार्यों के लिए भी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है की प्रतिदिन शाम 4 से 6 बजे तक स्थानीय लोक कलाकारों को अवसर दिया जाएगा। कलेक्टर मलिक ने विभिन्न स्थलों का जायजा लेते हुए कहा कि इस बार श्रद्धालुओं के स्नान के लिए कुंड भी बनाया जाएगा। उन्हेंने सड़कों में लगे स्ट्रीट लाईट में लाईटिंग करने के निर्देश दिए हैं। महोत्सव परिसर के अंतर्गत सड़कों का मरम्मत करने कहा गया। इस मौके पर एसडीएम महासमुंद उमेश साहू, लोकनिर्माण के ईई श्री चंद्राकर, आर ई एस,सहित तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैगा परिवारों का पक्का मकान का सपना हो रहा साकार

# प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति परिवारों के लिए पक्का मकान बनना शुरू

**रायपुर।** विशेष पिछड़ी जनजातियों को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने शुरू की गई प्रधानमंत्री जनमन योजना का छत्तीसगढ़ में तेजी से क्रियान्वयन हो रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले में इस योजना के तहत बैगा परिवारों के लिए 3 हजार 554 आवासों की स्वीकृति दी गई है, इनमें से 2 हजार 996 पक्के आवास निर्माण के लिए प्रथम किस्त के रूप में 11 करोड़ 98 लाख रूपए जारी कर दी गयी है। कबीरधाम जिले के विकासखण्ड बोड़ला में 179 और पंडरिया के 77 गांवों में बैगा परिवारों की बाहुलता है। इन परिवारों के लिए



बोड़ला विकासखण्ड में 2081 और पंडरिया विकासखण्ड में 1474 आवासों की स्वीकृति दी गई है। बैगा परिवारों को प्रथम चरण में 2996 आवासों आवास निर्माण के लिए पहली किस्त के रूप में 40-40 हजार रूपए की राशि जारी की गई है। इसके अलावा योजना में इन गांवों में बुनियादी सुविधाएं बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएंगी। जिससे विशेष पिछड़ी जनजाति के सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार आएगा। योजना के तहत कबीरधाम जिले में पक्का मकान बनाने वाले श्री अंतराम बैगा को बीते दिनों श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। श्री अंतराम बैगा विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति परिवार से है। वह ऐसे पहले हितग्राही है, जिन्होंने पक्का आवास बनाने का काम शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि पक्का मकान बनाने के लिए दस कॉलम खड़े कर लिए है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बैगा परिवारों को आवास निर्माण के लिए 2 लाख रूपए की राशि 4 किस्तों में दी जाएगी। पहली किस्त आवास शुरू करने के लिए 40 हजार रूपए, दूसरी किस्त लेंटर स्तर पर होने पर 60 हजार रूपए, तीसरी किस्त रूफ टॉप के निर्माण पर 80 हजार रूपए और आवास पूरा होने पर 20 हजार रूपए दी जाएगी। इसके अलावा महात्मागांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत 95 दिनों का मजदूरी का भुगतान किया जाएगा।

# दूरस्थ अंचल के बसाहटों तक पहुंची शुद्ध पेयजल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के दूरस्थ एवं पहुंच विहीन दुर्गम स्थानों में स्थित ग्रामों में अब लोगों को पीने के लिए शुद्ध पेयजल मिल रहा है। केन्द्र सरकार के जल जीवन मिशन से अब ग्रामीणों को अन्य स्त्रोतों का पानी नहीं पीना पड़ता। शुद्ध पेयजल मिलने से ग्रामीण खुश है।

नारायणपुर जिले के विभिन्न ग्रामों तक जल जीवन मिशन के तहत् दूरस्थ अंचल के बसाहटों तक पहुंची शुद्ध पेयजल पहुंच रही है। नारायणपुर जिले के पहुंच विहीन ग्रामों तक टेपनल के माध्यम से ग्रामीणों को घर-घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसमें अधिकांश गांव घने जंगल, पहाड़, नदी, नालों, दुर्गम रास्तौं से घिरे हुए हैं। ऐसे में जल जीवन मिशन के तहत् सभी बसाहटों में पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य राज्य शासन द्वारा प्राथमिकता से किया जा रहा है। हर घर नल-जल योजना से प्रत्येक ग्रामीण परिवारो को 24 घंटे शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। जल जीवन मिशन के तहत 439 घरों में नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल दिया जा रहा है। पहले लोगों को हैंण्डपंप से पानी भरने में समस्या होती थी, वहीं बारिश के समय हैंण्डपंप से मटमैला पानी प्राप्त होता था। गर्मी के मौसम में भू-जल स्तर कम हो जाने के कारण लोगों को हैण्डपंप से पानी निकालने में कठिनाई होती थी। जल जीवन मिशन के तहत् पानी टंकी निर्माण होने से हर मौसम में ग्रामीणों को शुद्ध स्वच्छ पेयजल मिल रहा है।

# कलेक्टर ने एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजनांतर्गत आत्मा प्रबंधन कमेटी की ली बैठक

**राजनांदगांव ।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजनांतर्गत आत्मा प्रबंधन कमेटी बैठक ली। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2023-24 के भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों की प्रगति की समीक्षा की तथा आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना के संबंध में जानकारी ली।

कलेक्टर अग्रवाल ने ग्राम स्तर पर किसानों से चर्चा कर कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्यपालन, रेशमपालन से संबंधित प्रशिक्षण प्रदर्शन, शैक्षणिक भ्रमण एवं कृषक



समूह निर्माण गतिविधियों के साथ आवश्यक रोजगार मूलक कार्यों को सम्मिलित करते हुये कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिये। कलेक्टर अग्रवाल ने शैक्षणिक भ्रमण एवं प्रशिक्षण से लाभान्वित किसानों का प्रशिक्षण विषयवार डाटाबेस तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण एवं प्रशिक्षण उपरांत किसानों के जीवन स्तर एवं कृषि प्रणाली में हुये सकारात्मक परिवर्तन का प्रचार-प्रसार अन्य कृषकों तक किया जा सके। जिससे अन्य किसान भी सफल किसानों की भांति लाभ प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण और प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात अपने क्षेत्र के अन्य किसानों को नई तकनीक और आधुनिक खेती-किसानी के प्रति जागरूक किया हो, ऐसे विकासखंड स्तर के 5 उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को सम्मानित किया जाए।

कलेक्टर अग्रवाल ने शहर में मॉर्डन आईस्क्रीम पार्लर खोलने के लिए स्थान चिन्हांकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके साथ कोदो-रागी की इडली, चीला, अंबाड़ी जूस, बेल जूस एवं जैविक सब्जी-फल, दूध का भी विक्रय किया जाएगा। उन्होंने उद्यानिकी विभाग के अंतर्गत स्ट्रॉबेरी की खेती कट फ्लावर आदि की खेती की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने मत्स्य विभाग को मांगुर मछली, प्रॉन कल्चर को वार्षिक कार्ययोजना में सम्मिलित करने के निर्देश दिए। बैठक में उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डे, उप आयुक्त सहकारिता शिल्पा अग्रवाल, सहायक संचालक उद्यानिकी राजेश शर्मा, वेटनरी असिस्टेंट सर्जन डॉ. ममता मेश्राम, फिशरीज इंसपेक्टर वर्तिका ठाकुर, प्रोजेक्ट असिस्टेंट कृषि विज्ञान केन्द्र जितेन्द्र मेश्राम उपस्थित थे।

# शासकीय पीजी महाविद्यालय में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन संपन्न

**कोरबा।** शासकीय पीजी महाविद्यालय में शनिवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ वार्षिक स्नेह सम्मेलन और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। वार्षिकोत्सव में पहुंचे मुख्य अतिथि कोरबा जिला कलेक्टर अजित वसंत ने छात्रों से संवाद किया। उन्होंने करियर और परीक्षाओं से संबंधित सवाल किए, जिनका छात्रों ने बखूबी उत्तर दिया और अपनी जिज्ञासा दूर की।

कलेक्टर को अपने बीच पाकर महाविद्यालय के छात्र भी काफी उत्साहित थे। कलेक्टर ने भी सहजता से छात्रों से बातचीत कर भविष्य में आने वाली चुनौतियों के संबंध में उनका मार्गदर्शन किया। कलेक्टर ने छात्रों को आईएएस बनने के लिए किस तरह की तैयारी करनी है, इससे जुड़े उपयोगी अहम् जानकारी छात्रों के साथ साझा की।

पीजी महाविद्यालय द्वारा प्रत्येक वर्ष




तीन दिनों का वार्षिक उत्सव मनाया जाता है। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता भी सम्मिलित होती है। तीसरे और अंतिम दिन वार्षिक स्नेह सम्मेलन और पुरस्कार वितरण का दिन था।

कार्यक्रम में राउत नाचा, गुजराती नृत्य के साथ ही देश के अलग-अलग सभ्यता से जुड़े नृत्य और गीत की खूबसूरत प्रस्तुति छात्रों ने दी। कार्यक्रम में पूरे साल भर के दौरान सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चे हो या फिर एनसीसी, एनएसएस और खेल प्रतियोगिता, संस्कृत प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में पहुंचे विशिष्ट अतिथि मुख्य प्रचालन प्रबंधक (द्बह्लष्टस्कोरबा) के. सुरेश बाबू ने इस अवसर पर कहा की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 12ह्लद्ध फेल सभी छात्रों को देखनी चाहिए, उन्होंने प्राचार्य से अनुरोध किया के छात्रों के लिए इस फिल्म के स्पेशल स्क्रीनिंग जरूर करवाए। के. सुरेश ने आगे कहा कि पीजी महाविद्यालय से उनका खास लगाव रहा है इसलिए यहां आकर वह काफी अच्छा महसूस करते हैं। श्री बाबू ने आगे कहा किछात्रों को सूचना क्रांति के युग में व्हाट्सएप, युटुब जैसे प्लेटफार्म का बेहद सावधानी से उपयोग करना चाहिए, इससे वह अपने ज्ञान बढ़ाने के लिए उपयोग करें, इसका दुरुपयोग बिल्कुल ना करें, बच्चों को अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का भी अवश्य ध्यान रखना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं प्राचार्य डॉ. साधना खरे ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि 1981 में पीजी महाविद्यालय का सफर शुरू हुआ था। तब यहां मात्र 47 बच्चे अध्ययनरत थे। आज इस महाविद्यालय में 3000 से भी अधिक छात्र अध्ययनरत हैं। यह जिले का अग्रणी महाविद्यालय है। पीजी महाविद्यालय का निरंतर विकास हुआ है।


सन 2012 में महान इंजीनियर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के नाम पर महाविद्यालय का नामकरण हुआ। वर्तमान में कॉलेज में 16 विषय में पीजी कोर्स उपलब्ध हैं। महाविद्यालय में इग्नू, पंडित सुंदरलाल शर्मा का अध्ययन केंद्र है। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कोर्स भी महाविद्यालय में संचालित हैं। एनसीसी, एनएसएस की गतिविधियां हो या फिर अन्य आयोजन महाविद्यालय के छात्र सभी में बढ़-कर कर हिस्सा लेते हैं। फत्तेगंज में आयोजित एनएसएस शिविर में छात्रों ने स्कूल की बाउंड्री वॉल का निर्माण किया। एनसीसी के छात्र ने दिल्ली में आयोजित 26 जनवरी के आरडीसी परेड में भाग लिया था। महाविद्यालय में सर्व सुविधा संपन्न लाइब्रेरी के साथ ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए स्मार्ट क्लास की सुविधा भी उपलब्ध है। महाविद्यालय में पीएससी व व्यापम सहित विभिन्न परीक्षाओं का आयोजन किया जाता है।



## संपादकीय

### इंडोनेशिया में निरंतरता कैसे

नव- निर्वाचित राष्ट्रपति 72 वर्षीय प्राबोवो सुबियांतो इस समय देश के रक्षा मंत्री हैं। वे पूर्व सैनिक जनरल हैं। इसके अलावा उनकी एक और पहचान पूर्व सैनिक तानाशाह सुहार्तो के पूर्व दामाद के रूप में भी है।इंडोनेशिया के राष्ट्रपति चुनाव में प्राबोवो सुबियांतो की जीत में आरंभ से ही कोई शक नहीं था। चुनाव नतीजे ने उनके देश का अगला राष्ट्रपति बनने पर मुहर लगा दी है। इस पद पर सुबियांतो के आने के साथ 17 हजार से अधिक द्वीपों से बने और सर्वाधिक मुस्लिम आबादी वाले इस देश में पारंपरिक शासक वर्ग सत्ता पर सीधे पुनर्स्थापित हो जाएगा। 2014 में बाहरी समझे जाने वाले जोको विडोडो ने चुनाव जीत तक यह उम्मीद जताई थी कि देश में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा की का नया माहौल बनेगा। लेकिन जल्द ही विडोडो को यह अहसास हो गया कि सत्ता का टिकाऊ बनाने के लिए उन्हें पारंपरिक प्रभावशाली समूहों के साथ मिलकर चलना होगा। इस तरह उन्होंने जिन सुबियांतो को चुनाव में हराया था, उनसे हाथ मिला लिया। इस समय 72 वर्षीय सुबियांतो देश के रक्षा मंत्री हैं। वे पूर्व सैनिक जनरल हैं। इसके अलावा उनकी एक और पहचान पूर्व सैनिक तानाशाह सुहार्तो के पूर्व दामाद के रूप में भी है। जाहिर है, उनके प्रभाव की जड़ें गहरी हैं। इस बार के चुनाव में उन्होंने विडोडो के बेटे जिब्रान को उप-राष्ट्रपति का उम्मीदवार लिया था। इस तरह उनके अपने प्रभाव के साथ विडोडो की लोकप्रियता का भी साथ जुड़ गया।विडोडो ने अपने दस साल के शासनकाल में खासकर आर्थिक नीतियों में कई नई पहल की। उनके राष्ट्रपति बनने के पहले तक इंडोनेशिया मुख्य रूप से कच्चे खनिजों- खासकर निकेल का निर्यात करता था। विडोडो ने देश के औद्योगीकरण पर ध्यान दिया। इस तरह देश शोधित खनिजों का निर्यात करने लगा। इससे विदेशी मुद्रा की आय बढ़ी।



### अजनबी साँसों की छाँव।

जब तक थे साथ,
अकेलेपन से घबराए,
शर्माये सकुचाये ,
साथ साथ हम कदम,
चलना मुस्कुराना हंसना,
खिलखिलाना, रोना,
सब कुछ एक साथ,
सांसों की महक, बदन की खुशबू,
खुश गवार हवा के झोंके,
पत्तों की चरमराहत,
खामोश कदमों की आहट,
बदन की खुशबूओं का स्पर्श,
हमकदम से सब कुछ,
संबंधों के अजनबी होने का
एहसास हवा में था,
अब दूर है
एहसास सभी से,
सब कुछ दूर बहुत दूर,
अजनबी सांसों की छांव,
कितने अलग-थलग,
हवा की सनसनाहट भी पराई,
अजनबी खुशबू,
पराई पगढंडिया,
फिज़ाएं भी अजनबी,
सब कुछ तन्हा, आदत भी,
अलग होने का एहसास,
बंधन टूटने का,
दूर बहुत दूर होने का,
आंखों से ओझल होते
संबंधों का,
टूटती आकृति भावनाओं की,
छोड़ दें, हमें अकेला
खुद की परछाइयों से
दूर बहुत दूर

**- संजीव ठाकुर**



# राजनीतिक दलों के बाजीगर और चुनावी शतरंज



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार



2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर शतरंज की बिसात बिछ रही है। कुछ ही हफ्ते बचे हैं और भारतीय जनता पार्टी एवं सभी विपक्षी दलों ने शतरंज की चालों की तरह अपनी-अपनी चालें चल रहे है। भाजपा एवं इंडिया गठबंधन दोनों ही खेमों में अब हर दिन चुनावी रणनीति को लेकर शतरंज की चालें चलते हुए एक दूसरे को मात देने का दौर चल रहा है, सब अपनी-अपनी व्यूह रचना बना रहे हैं। एक-एक मोहरे को ठीक जगह रख रहे हैं। कोई प्यादों से लड़ने की, तो कोई वजीर से लड़ने की रणनीति बना रहे हैं। कुछ प्यादे, वजीर बनने की फिराक में हैं। भाजपा ने स्वयं की 370 एवं उसके गठबंधन की 400 का लक्ष्य लेकर ही चालें चल रही है। इंडिया गठबंधन एवं विभिन्न राजनीतिक दल भी अपनी चालों को फीट करने में जुटें हैं। शतरंज की एक विशेषता है कि राजा कभी अकेले से शिकस्त नहीं खाता और यही हम आगामी चुनाव के बन रहे दृश्यों से महसूस कर रहे हैं।

राजनीति पल-पल नया आकार लेती है, इसलिये राजनीति में सही वक्त पर सही ढंग से इस्तेमाल करने का हुनर होना अपेक्षित होता है, जो अच्छा चल रहा है उसे बिगाड़ना आना चाहिए और जो बिगड़ रहा है उसे सुधारना आना चाहिए। इसी को कहते है राजनीति। इसी राजनीति के महारथि के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा की रणनीति तीक्ष्ण एवं प्रभावी बनकर सामने आ रही है। शतरंज के खेल की भांति राजनीति में भी कब किस घोड़े को और किस सैनिक को ऊंट को मारना है ताकि धमाकेदार चुनाव परिणाम तक पहुंचा जा सके, ये कला आनी चाहिए। इस कला में भाजपा का कोई मुकाबला नहीं है। वह राजनीतिक शतरंज की चालों में माहिर है और उसकी दृष्टि नये बन रहे राजनीतिक जोड़-तोड़ पर लगी है। भाजपा की एक चाल के बाद विरोधी कितनी चाल चल सकता है, भाजपा के घोड़े ऊंट सैनिक को मारने के लिए विपक्षी दल क्या चाले चल सकते हैं, इस बात का भाजपा को पहले से ज्ञान है, उसे यह भी पता है कि वह कितने प्यादों को खो सकता है। उसे बचाने का खेल भाजपा खेलने लगी है।

शतरंज में सफेद मोहरों की चाल पहले होती है और हर एक चाल की वरीयता मायने रखती है। ठीक इसी सोच पर भाजपा सभी चुनावी चालों में आगे रहना चाहती हैं। पर शुरूआत किस चाल से करें, जिसकी काट नहीं हो, यह भाजपा अच्छी तरह जानती हैं। तभी उसने प्रभावी एवं दूरगामी राजनीतिक से जुड़ी पहले चलने वाली चाले चलते हुए नीतीश कुमार और जयंत चौधरी जैसे नेताओं को इंडिया गठबंधन से छीन लिया गया है। कांग्रेस के अशोक चव्हान को भाजपा में शामिल करके राज्यसभा में भेजा दिया है। मायावती और चंद्रबाबू नायडू को विपक्ष में जाने से रोक दिया गया है। शिवसेना और राकांपा की दो फाड कर दी गयी है। श्रीराम मन्दिर उद्घाटन से हिन्दू वोटों को प्रभावित किया गया है, वही पांच राजनीतिक रत्नों को 'भारत रत्न' सर्वोच्च पुरस्कार की घोषणा से आम चुनावों को प्रभावित करने का राजनीतिक कौशल दिखाते हुए शह-मात का खेल खेल रही है।

शतरंज के खेल की तरह राजनीति के खेल में भी घोड़ा ढाई घर आगे और ढाई घर पीछे चलकर मारता है, परिपक्व एवं मझे हुए राजनीतिक खिलाड़ियों एवं राजनीतिक दलों की यही चालें शुरू हो चुकी है, जिस कारण सभी विपक्षी दलों के सामने अपने अस्तित्व को बचाने का धर्म संकट है और प्रमुख दलों में भविष्य की राजनीतिक सत्ता को लेकर राजनीति की निष्ठायें पूरी तरह से धूमिल होती हुई भी दिखाई पड़ रही है। वर्तमान राजनीति सिद्धांतों पर नहीं रह गई है अब विभिन्न राजनीतिक दल येन केन प्रकरण पद और सत्ता हासिल करके सुख भोगना चाहते हैं और समाज में अपने रुतबे को कायम रखने की होड़ शुरू है। लेकिन सत्ता एवं स्वयं-स्वार्थ की इस होड़ के कारण नुकसान तो लोकतंत्र का ही हो रहा है। इसलिये आज सबकी आंखें और कान राजनीतिक दलों द्वारा प्रतिदिन लिये जाने वाले निर्णयों पर लगे हुए हैं। दोष किसी एक दल का नहीं, बल्कि उन सबका है जो चुनावी संग्राम को एक शतरंज की बिसात बना रखा है। चुनाव की घोषणा से पहले ही जो घटनाएं हो रही हैं वे शुभ का संकेत नहीं दे रही हैं। मतदाता भी धर्म संकट में है। उसके सामने अपना प्रतिनिधि चुनने का विकल्प नहीं होता। प्रत्याशियों में कोई योग्य नहीं हो तो मतदाता चयन में मजबूरी महसूस करते हैं। मत का प्रयोग न करें या न करने का कहें तो वह संविधान में प्रदत्त अधिकारों से वंचित होना/करना है, जो न्यायोचित नहीं है।

काले और सफेद मोहरे शतरंज की फर्श पर ही आमने-सामने नहीं होते, पूरा चुनावी परिदृश्य ऐसे ही काले और सफेद रंगों में बंटती जा रही है। कहीं यह अगड़ों-पिछड़ों के नाम से तो कहीं वर्ग और जाति के नाम से आमने-सामने हैं। इस बार की लड़ाई कई दलों के लिए आरपार की है। ÷अभी नहीं तो कभी नहीं।÷ दिल्ली के सिंहासन को छूने व लालकिले पर ध्वज की डोरी पकड़ने के लिए सबके हाथों में खुजली आ रही है। उन्हें केवल अगले चुनाव की चिन्ता है, अगली पीढ़ी की नहीं। मतदाताओं के पवित्र मत को पाने के लिए पवित्र प्रयास की सीमा लांघ रहे हैं। यह त्रासदी बुरे लोगों की चीत्कार नहीं है, भले लोगों की चुप्पी है जिसका नतीजा राष्ट्र भुगतता रहा है/भुगतता रहेगा, जब तब भले लोग मुखर नहीं होगे।

शतरंज के खेल की तरह शह और मात राजनीति में भी होती है, शतरंज के खेल में घोड़ा बहुत महत्वपूर्ण होता है। भाजपा ने ऐसे ही घोड़ों को अपने पक्ष में किया हैं, ये घोड़े चारों दिशाओं में से किसी एक में आवश्यकतानुसार ढ़ाई घर चल सकता है। यह आक्रमण में निर्णायक भूमिका निभाता है और सुरक्षा भी प्रदान करता है। इसकी चाल को समझना आवश्यक है। वैसे मंत्री या वजीर सबसे शक्तिशाली मोहरा होता है, क्योंकि यह आगे-पीछे, आरे-तिरछे, अगल-बगल अपनी मर्जी एवं सुविधा से, कई घरों तक आ-जा सकता है। वैसे खेल तो प्यादों से शुरू होता है। आगे वे ही बढ़ते हैं। आक्रमण एवं सुरक्षा, दोनों की रणनीति, उनकी चाल को ध्यान में रख कर बनाई जाती है। सबसे बड़ी बात है कि आगे बढ़ते हुए वे आवश्यकतानुसार मंत्री, घोड़ा, ऊँट, हाथी कुछ भी बन सकते हैं। उनके महत्व को कम करके नहीं देखा जा सकता। भाजपा के पास विपक्षी दलों की तुलना में ऐसे मंत्री, घोड़ा, ऊँट, हाथी सब है। जबकि विपक्षी दल अपनी कुचालों से इन सबको खोते जा रहे हैं। यह सही है कि सहयोगियों के गठबंधन छोड़ने की शुरुआत भी एनसीपी में पड़ी फूट के बाद से ही हो गई थी, लेकिन बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पलटना इस अर्थ में निर्णायक कहा जा सकता है कि वही गठबंधन के सूत्रधार की भूमिका निभा रहे थे। उन्हें अपनी ओर खींचकर भाजपा और एनडीए ने विपक्षी दलों के विशाल गठबंधन से बनते नैरेटिव को जबर्दस्त झटका दिया। इस झटके से उबरने की कोशिशें ढंग से शुरू होतीं, उससे पहले ही पश्चिम यूपी के जाट बहुल इलाके में दखल रखने वाले आरएलडी नेता जयंत चौधरी ने भी पाला बदल लिया।

निश्चित रूप से इन सब शतरंजी चालों के पीछे एनडीए की तरफ से हो रहे सुनियोजित प्रयासों की भूमिका है। लेकिन इंडिया गठबंधन खेमा जिस तरह से बिखर रहा है, उसका पूरा श्रेय एनडीए की कोशिशों को नहीं दिया जा सकता। इसकी काफी जिम्मेदारी विपक्षी दलों के नेताओं को भी अपने सिर पर लेनी होगी। विपक्षी दलों का मंच इंडिया गठबंधन पिछले साल मुश्किलों के बीच जिस तरह से बना और फिर जितनी तेजी से इसने उम्मीदें जगानी शुरू कीं, उतनी ही तेजी से उन उम्मीदों को ध्वस्त भी करता जा रहा है। भाजपा की शतरंज पर बिछी बिसात का अहम हिस्सा नंबर से आगे जाकर पूरे देश में ऐसा माहौल बनाना है जिससे लोगों में उसके लिये अधिकतम स्वीकार्यता का भाव आये। मोदी के तीसरे कार्यकाल के लिये राष्ट्रीय एकता, नया भारत, सशक्त भारत का सन्देश अहम है। राजनीतिक चारित्रिक उज्ज्वलता, ईमानदारी और नैतिकता शतरंज की चालें नहीं मानवीय मूल्य हैं। अतः नीति ही राजा, नीति ही मोहरें और नीति ही चालें हो।

**यह निजी विचार है।**

# मानवीय शक्ति की क्रांति और प्राकृतिक ऊर्जा की जुगलबंदी विकास की कसौटी।



जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जीती बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहाने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं।

नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कंक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए । महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा।

भारत में परिस्थितियां बड़ी विषम है एक तरफ सोडियम लाइट से नहाती दिल्ली ,मुंबई ,बेंगलुरु की रंगीन सड़कें हैं, ऊंची ऊंची इमारतें हैं, तेज गति की मेट्रो है,वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लुफ्त उठाते हुए युवक युवतियां है, दूसरी तरफ पसीने से भीगा हुआ किसान हैं। कैरोसिन की चिमनी में बच्चों को कहानी सुनाती माताएं हैं। यानी कि इतनी डिजिटल विषम बताएं भारत के अलावा विश्व के किसी भी कोने में नहीं है। भारत में विकास के नाम पर डिजिटलाइजेशन करने की आवश्यकता जरूर है पर गांव जंगलों नदियों और प्राकृतिक संसाधनों के निरस्तीकरण और विनाश की कीमत पर नहीं। हमें यह साबित करना होगा कि भारत के विकास की हरित क्रांति के साथ-साथ डिजिटल इंडिया भी विकास की गति को बढ़ा रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत कि हरित क्रांति का विकास ही डिजिटल इंडिया का स्वप्न को भी पूरा करेगा। इसके लिए स्वच्छ साफ सुथरे संसाधन जैसे जल, खनिज, यूरेनियम ,थोरियम नहीं होगा तब तक नाभिकीय रिएक्टर की भट्टीयां कैसे चलेंगी। किसी कवि ने कहा है,

जो घर बनाओ तो एक पेड़ भी लगा लेना,
पंछी सारे उपवन के चहचहा उठेंगे।

विकास का जो भी रास्ता या नक्शा हम तैयार करेंगे निश्चित तौर पर वह मार्ग हरित क्रांति या हरित विकास से होकर गुजरेगा, जिससे हम अपनी 131 करोड़ जनसंख्या को स्वच्छ वातावरण दे पाएंगे और एक नए भारत की कल्पना को साकार कर पाएंगे।

संजीव ठाकुर,
**यह निजी विचार है।**

# जीवाईएएन ही देश की जाति

**अजय दीक्षित**

पिछ्ले कुछ महीनों से विपक्षी देश में जातिगत जनगणना की मांग करते आ रहे हैं । बिहार में तो नीतीश कुमार जब से आर.जे.डी. के साथ थे, जातिगत जनगणना करा दी थी । इसे सर्वे का नाम दिया गया क्योंकि जनगणना करने का अधिकार मात्रा केन्द्र को है । असल में कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल जनगणना के द्वारा नारा दे रहे हैं कि जिसकी जितनी आबादी उसका उतना प्रतिनिधित्व ।इसके उत्तर में मोदी जी ने देश में केवल चार जातियां बतलाई हैं-- महिला किसान गरीब और युवा । अब मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसे जीवाईएएन का नाम दिया है यानि जी से गरीब, वाई से युवा, ए से अन्नदाता और एन से नारी । पिछ्ले दिनों मध्य प्रदेश के झाबुआ में माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के 11 फरवरी के दौरे के समय डॉ. यादव ने अपने भाषण में कहा कि अब मध्यप्रदेश हर्षित है उत्साहित है । देश के लोकप्रिय और यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी झाबुआ में जनजातीय सम्मेलन को सम्बोधित करने पधारे । इस दिन पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि थी जो समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई । उनका एकात्म मानववाद का दर्शन ही पाथेय है । समाज की अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए समर्पित होकर समाज और सरकार को कार्य करने के लिए प्रेरित करने वाले पं. दीनदयाल जी का पूरा जीवन समर्पण का प्रतीक था। यह ऐतिहासिक संयोग है कि इसी दिन ही संथाल परगना में क्रांतिकारी जनजातीय नायक वीर तिलका मांझी का जन्म हुआ था । जनजातीय समुदाय के प्रति प्रधानमंत्री जी का स्नेह, समर्पण और सम्मान हम सब जानते हैं। उन्होंने हमारे आग्रह को स्वीकार किया और झाबुआ आने पर सहमति दी। झाबुआ साधारण क्षेत्र नहीं है। यह क्षेत्र क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद की जन्मभूमि रही है। आज प्रधानमंत्री जी के झाबुआ आगमन पर मध्यप्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता की ओर से मैं उनका हृदय से स्वागत करता हूं ।प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि जनजातीय समाज के जल, जंगल और जमीन पर आंच न आए तथा उनके कल्याण के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं। उन्होंने देश के 11 करोड़ से अधिक जनजातीय बंधुओं के हितों को संरक्षण प्रदान किया है। प्रधानमंत्री जी ने विकसित भारत के चार अमृत स्तंभ जीवाईएएन अर्थात जी से गरीब, वाई से युवा, ए से अन्नदाता और एन से नारी पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर जोर दिया ।वर्ष 2047 तक भारत को विश्व का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ विगत दिनों निकाली गई विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान केन्द्र और राज्य की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के अंतर्गत 50 लाख से अधिक लोगों को लाभान्वित किया गया है। प्रधानमंत्री जी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास नारा दिया है। उनके मार्गदर्शन में हर गरीब और वंचित को सुविधाएं पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश में केन-बेतवा परियोजना की तरह पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना की स्वीकृति दी गई है, जो प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से हमने श्रीअन्न के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना शुरू की । प्रधानमंत्री जी ने जनजातियों के स्वत्व, स्वाभिमान और स्वराज रक्षक भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित कर जनजातीय समुदाय का मान बढ़ाया है। मध्यप्रदेश में जनजातियों के उत्थान के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई हैं। जनजातीय युवाओं को स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश में भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजनाएं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना आदि लागू की गई है ।प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से मप्र सरकार जो निर्णय ले रही है, वह भविष्य के संकल्पों को पूरा करने के लिए मोदी जी की गारंटी है। मोदी जी के मन में मध्यप्रदेश है, इसीलिए, मुझे पूरी उम्मीद है कि जब भारत विश्व का विकसित राष्ट्र बनेगा, तब मध्यप्रदेश भारत के प्रांतों में अग्रणी होगा ।अमृतकाल में अमृतपथा पर आगे बढ़ते हुए हम सभी विकसित भारत निर्माण के लिए विकसित मध्यप्रदेश निर्माण का संकल्प लें ।जबसे डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हुए हैं, वे रात-दिन एक करके प्रदेश को प्रगति पथ पर ले जा रहे हैं । यह सबको माननीय मुख्यमंत्री का सहयोग करते हुए प्रदेश की प्रगति में भागीदार बनना चाहिए ।

**यह निजी विचार है।**

# साधराम हत्याकांड के आरोपियों पर लगी UAPA की धाराएं, NIA करेगी जांच...

**आरोपियों के मोबाईल-लेपटॉप ने उगले आतंकी गतिविधियों के राज**

**कवर्धा संवाददाता।**

अयोध्या में राममंदिर उद्घाटन के पूर्व रात्रि 21 जनवरी को जिला मुख्यालय से लगे लालपुर मार्ग में साधराम यादव हत्याकांड के आरोपियों पर आतंकवादी घटनाओं से सम्बंधित क्ककी धाराएं जोड़ी गई है। हांलाकि मामले को लेकर अभी तक एसपी ने प्रेस कांफ्रेंस लेकर कोई खुलासा नही किया है वाट्सप ग्रुप में क्ककी धाराएं जोड़े जाने की सूचना जरूर दी गई है किंतु विस्तृत जानकारी अप्राप्त है। आतंकवादी सम्बन्ध सामने आने के बाद मामले को हृद्ध को सौंपे जाने की चर्चा ।

मिली जानकारीनुसार साधराम हत्यकांड क मुख्य आरोपी अय्याज अयाज खान के मोबाइल और लेपटॉप में ऐसे कई अहम सबूत मिले हैं जो आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने की ओर इशारा करते हैं। आरोपी की ट्रेवल हिस्ट्री खंगालने से आरोपी के लगातार कश्मीर आने जाने और वहां संदिग्ध लोगों से मेल मुलाकात की सूचना निकल कर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि मुख्य आरोपी का उठना-बैठना ऐसे लोगों के साथ था जो आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े हुए थे।

डीएसपी के नेतृत्व में जम्मू कश्मीर गई टीम की जांच, मोबाइल और लैपटॉप की जांच से आतंकी संलिप्तता के संकेत मिलने के बाद पुलिस ने अब आरोपियों के विरुद्ध क्क के तहत मामला दर्ज कर लिया है। यह प्रदेश का पहला मामला होगा जिसमें UAPA एक्ट के तहत कार्रवाई हुई है।

राम मंदिर उद्घाटन के ठीक पहले द्धस्ध्र पैटर्न में कई गई साधराम की हत्या का उद्देश्य हिंदू समुदाय को आतंकित करना बताया जा रहा है। ये सभी लोग रेडिकल थे और इनका उदेश्य भय कायम करना था। अब इन सभी आरोपियों के खिलाफ आतंकवादी मामले में संलिप्तता के चलते एक और मामला दर्ज किया गया है। प्रदेश में इस तरह का यह पहला मामला है। वहीं क्क लगने के बाद एक बार फिर साधराम हत्याकांड का मामला तुल पकड़ते हुए नजर आ रहा। पुलिसिया लापरवाही को लेकर भी लोग उंगलियां उठा रहे है। पुलिस विभाग द्वारा अब तक प्रेस कांफ्रेंस नहीं किया जाना समझ से परे है। हांलाकि जानकार सूत्र बताते है कि आतंकवादी सम्बन्ध सामने आने के बाद मामले को NIA को सौंपा जा सकता है। जिसके बाद गिरफ्तारियों का दायरा और बढ़ सकता है।

यंहा बताना लाजमी होगा कि विश्व हिंदुपरिषद के सदस्य लगातार जिले के संदिग्ध युवाओं की गतिविधियों को लेकर आवाज उठाते रहे है। आज भी द्धस्ध्र पैटर्न में हुई हत्या के बावजूद कांग्रेस का जिमेदार विपक्ष के नाते खामोश रहना भी चर्चा का विषय बना हुआ है। अब तक मामले को लेकर विश्वहिंदू परिषद और अन्य हिदू वादी संगठन व सामजिक संगठन आवाज बुलंद किये हुए है, बाकी राजनैतिक दलों के जिम्मेदार चुप बैठे है। चरवाहा समाज द्वारा 22 फरवरी को आंदोलन की चेतावनी दी गई है इस दिन गाय चराई और दूध वितरण का कार्य बन्द रखा जाएगा।






# विधायक अजय चंद्राकर का प्रस्तुत शासकीय संकल्प विधानसभा में पारित

**रायपुर।** आज विधानसभा में पूर्व मंत्री और कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने आज विधानसभा में संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना को लेकर एक अशासकीय संकल्प पेश किया जो कि विधानसभा में पारित हो गया है। जिसके बाद अब जल्द ही प्रदेश में पहले संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना हो सकेगी। छत्तीसगढ़ में संस्कृत की शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों के लिए एक बड़ी खबर निकलकर सामने आयी है। इन दिनों छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है। जहां हर रोज अलग अलग विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा हो रही है।



दरअसल, पूर्व मंत्री और विधायक अजय चंद्राकर के अथक प्रयासों से आज शासकीय दूधाधारी राजश्री महंत वैष्णव दास स्नाकोत्तर संस्कृत महाविद्यालय, रायपुर को विश्वविद्यालय में अपग्रेड करने का अशासकीय संकल्प विधानसभा में पारित हो गया है। अब रायपुर स्थित संस्कृत महाविद्यालय छत्तीसगढ़ का पहला संस्कृत विश्वविद्यालय कहलाएगा। प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने 1955 में की थी संस्कृत महाविद्यालय की स्थापना रायपुर में स्थित संस्कृत महाविद्यालय की स्थापना वर्ष 1955 में हुई थी। भवन का शिलान्यास भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने किया था। महाविद्यालय की स्थापना के लिए रायपुर स्थित दूधाधारी मठ के महंत वैष्णव दास ने उदारतापूर्वक दान दी थी। मध्य प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री श्यामा चरण शुक्ल की भी इसमें प्रेरणा रही। महंत वैष्णव दास ने न केवल महाविद्यालय स्थापित किया बल्कि छात्र-छात्राओं को संस्कृत का अध्ययन करने के लिए विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियों की व्यवस्था की।

वर्तमान में शासकीय दूधाधारी श्री वैष्णव स्नातकोत्तर महाविद्यालय पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से संलग्न है। वेद, ज्योतिष, व्याकरण, धर्म, दर्शन के साथ-साथ अंग्रेजी, हिन्दी, राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र, इतिहास का भी अध्ययन-अध्यापन और शोध होता है। संस्कृत भाषा का प्रचार-प्रसार, संवर्धन व विकास कॉलेज का मुख्य उद्देश्य है।

दूधाधारी श्री वैष्णव न्यास निधि समिति

कॉलेज में सर्वाधिक समय तक

## माध्यमिक शिक्षा मंडल की अभिनव पहल

# बोर्ड परीक्षार्थियों के भय और तनाव दूर करेंगे मनोवैज्ञानिक और मनोचिकित्सक

**22 फरवरी से शुरू होगी हेल्पलाइन, टोल फ्री नंबर-18002334363**

**रायपुर।** बोर्ड परीक्षार्थियों के परीक्षा संबंधी भय और तनाव को दूर करने के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल 22 फरवरी से एक हेल्पलाइन शुरू करने जा रहा है। हेल्पलाइन में स्थापित टोल फ्री नंबर-18002334363 के जरिए मनोवैज्ञानिक, मनोचिकित्सक, विषय विशेषज्ञ, मंडल के अधिकारी और शैक्षिक अभिप्रेरक परीक्षार्थियों के परीक्षा भय एवं तनाव संबंधी समस्याओं का निराकरण करेंगे और उन्हें परामर्श देंगे। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हाई स्कूल, हायर सेकण्डरी, हायर सेकेण्डरी व्यावसायिक परीक्षाओं के संदर्भ में परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व 22 फरवरी से हेल्पलाइन प्रारंभ की जा रही है। विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक हेल्पलाइन में मंडल के टोल फ्री नंबर-18002334363 पर अपनी समस्याओं का समाधन कर सकते हैं। रविवार और अवकाश को छोड़कर हेल्पलाइन में मनोचिकित्सक, मनोवैज्ञानिक, शैक्षिक अभिप्रेरक विषय विशेषज्ञ एवं मंडल के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा शुरू की जा रही इस हेल्पलाइन में मनोवैज्ञानिक, मनोचिकित्सक, शैक्षिक अभिप्रेरक परीक्षार्थियों के परीक्षा भय, परीक्षा तनाव संबंधी समस्याओं का निराकरण कर परामर्श देंगे। हेल्पलाइन 22 से 28 फरवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक अंग्रेजी, गणित, भौतिक शास्त्र, रासायन शास्त्र, जीव विज्ञान, लेखा शास्त्र के विषय विशेषज्ञ संबंधी विषयों की कठिनाईयों को दूर करेंगे। दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक मनोचिकित्सक, मनोवैज्ञानिक, शैक्षिक अभिप्रेरक हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर-18002334363 पर उपस्थित रहेंगे और 29 फरवरी से 22 मार्च तक आगामी दिवस को होने वाली विषय की परीक्षा से संबंधी समस्याओं का निराकरण करेंगे। मंडल के अधिकारियों द्वारा मंडल से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री ने राजिम कुम्भ कल्प 2024 के लोगो और छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक पंचांग का किया विमोचन



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज यहाँ विधानसभा कार्यालय कक्ष में संस्कृति विभाग द्वारा निर्मित राजिम कुम्भ कल्प 2024 के लोगो और छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक पंचांग का विमोचन किया। इस अवसर पर संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक धरम लाल कौशिक, विधायक अनुज शर्मा, संस्कृति विभाग के सचिव अन्बलगन पी., संस्कृति विभाग के संचालक विवेक आचार्य, पर्यटन मंडल के प्रबंध संचालक जितेंद्र शुक्ला भी उपस्थित थे।

गौरतलब है कि राजिम में आगामी 24 फरवरी से 5 मार्च तक राजिम कुम्भ कल्प आयोजित है। मंत्री अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को कुम्भ कल्प के लिए की जा रही तैयारियों से अवगत कराया। उन्होंने सांस्कृतिक पंचांग की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री साय को बताया कि पंचांग में प्रदेश में आयोजित होने वाले सभी 84 मेले एवं महोत्सवों की जानकारी दी गई है।

# आरटीई में ग़रीब एवं ज़रूरतमंद छात्रों के हक़ मारे जा रहें :विकास तिवारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता विकास तिवारी ने कहा कि प्रदेश में निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिनियम की धज्जी उड़ाने वाले और ग़रीब, निर्धन छात्र-छात्राओ का निःशुल्क शिक्षा का अधिकार छीनने वाले भ्रष्ट अधिकारियों के गिरफ़्त में घिरते जा रहे है स्कूल शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल जिन अधिकारियों ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की समय स्कूल शिक्षा विभाग को बदनाम किया था और जिन अधिकारियों पर भाजपा के नेताओ ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था वही अधिकारी अब स्कूल शिक्षामंत्री के मुख्य सलाहकार बन गये है, इन अधिकारियों के कारण ही निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिनियम में बड़ा हेरफेर करके ग़रीब छात्रों का हक़ छीना जा रहा है और ग़ैर मान्यता वाले प्राइवेट स्कूलों को करोड़ों रुपयों का लाभ पहुँचाया जा रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी ने कहा कि केंद्र की कांग्रेस सरकार ने ही ग़रीब छात्रों को समान शिक्षा के अधिकार के लिये नियम बनाया था जिसे भाजपा और आरएसएस समर्थित अधिकारियों के द्वारा ग़ैर मान्यता वाले प्राइवेट स्कूलों के साथ मिलीभगत करके ग़रीब छात्रों का हक़ छीना जा रहा है आज विधानसभा में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने भी स्कूल शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल से आरटीई प्रदेश में मान्यता प्राप्त और ग़ैर मान्यता वाले विषय का सवाल पूछा और अन्य विधायकों ने भी आरटीई से जुड़े दस से भी ज़्यादा सवाल पूछे शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल से जिसका जवाब प्राप्त नहीं हुवा।



कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी ने कहा कि राजधानी रायपुर में 843 से ज़्यादा मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूल है जिसमें की आरटीई के मात्र कुछ ही सौ छात्र है जबकि यह आकड़ा हज़ारो में होना चाहिये राजधानी रायपुर में सैकडो की तादात में गली कूचों में ग़ैर मान्यता वाले स्कूल है संचालित हो रहे है। जिन्हें जानबूझकर शिक्षा विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा मान्यता नहीं दिया गया है ताकि इन ग़ैर मान्यता वाले प्राइवेट स्कूलों की साथ मिलीभगत करके आटीआई की निःशुल्क सीटो को नुक़सान पहुँचा के इन सीटो में सामान्य छात्रों को प्रवेश दिलाकर मोटी फ़ीस वसूलने का काम किया जा रहा है।

# कांग्रेस के खातों को फ्रीज करना मोदी सरकार की तानाशाही - दीपक बैज

**रायपुर।** केंद्र द्वारा कांग्रेस के खातों को फ्रीज करने को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने तानाशाही बताते हुये कहा कि मोदी सरकार विपक्षी दलों की लोकतांत्रिक गतिविधियों और सांगठनिक गतिविधियों पर तानाशाहीपूर्वक रोक लगाना चाहती है, इसीलिये बिना किसी वैध कारण के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और भारतीय युवा कांग्रेस के बैंक खातों को फ्रीज करके एक अभूतपूर्व और क्रूर कदम उठाया है। यह कदम लोकसभा चुनावों से ठीक पहले उठाया गया है, जिससे हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की अखंडता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए है।



कांग्रेस के खातों को फ्रीज करना, जिसमें क्राउड फंडिंग अभियान से जुड़े खाते भी शामिल है, न केवल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की वित्तीय स्थिरता पर हमला है, बल्कि हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी एक जबरदस्त हमला है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि दरअसल भाजपा चाहती है कि उसके अतिरिक्त किसी भी अन्य राजनैतिक दल के पास किसी भी तरह का कोई संसाधन न रहे। कॉर्पोरेट से सांठगांठ और अनुचित दबाव बनाकर मोदी सरकार के विगत 10 वर्षों में भाजपा ने बेहिसाब धन की उगाही की है पर कोई सवाल नहीं, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के उन बैंक खातों को जिसमें क्राउट फंडिंग की राशि जमा हुई है जिसमें 95 प्रतिशत राशि 100 रूपए से कम की है उन तक पर रोक लगाना दुर्भावना और षड़यंत्र का प्रमाण है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस पार्टी

# भाजपा ने चुनावी बांड के नाम पर उद्योगों से धन वसूला - कांग्रेस

**,रायपुर**

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि अनैतिक तरीके से केवल अपना आर्थिक हित साधने भाजपा की मोदी सरकार के द्वारा लाए गए इलेक्टोरल बांड पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय कांग्रेस के आरोपों पर मोहर है। सर्वोच्च न्यायालय के फ़ैसले से प्रमाणीत है कि चुनावी बांड मोदी सरकार का बड़ा घोटाला है। चुनावी बांड जारी करने वाले बैंक आरबीआई के नियंत्रण में काम करते हैं, जो केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय के अधीन होता है। कौन सी कंपनी किस राजनीतिक दल को चुनावी बांड के माध्यम से कितना धन दे रही है उसकी पूरी जानकारी आरबीआई के माध्यम से केंद्र की मोदी सरकार को होती थी। केवल अपने राजनीतिक हित और विरोधी पार्टियों के हितों के खिलाफषडयंत्र करने यह कानून केंद्र की मोदी सरकार ने दुर्भावना पूर्वक लाया था। कॉर्पोरेट को नियंत्रित करने, दबाव पूर्वक वसूली का हथियार केंद्र की मोदी सरकार में इलेक्टरल बॉन्ड का कानून बनाकर लाया गया था। एक तरह से केंद्र की मोदी सरकार बड़े कॉर्पोरेट घरानों से रिश्वत, जबरिया उगाही और कमीशनखोरी चुनावी बॉन्ड के माध्यम से कर रही थी, षडयंत्र उजागर हो। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है पारदर्शिता और संवैधानिक व्यवस्था से भाजपा को परहेज है।



# कोटा बीएसयूपी कॉलोनी पहुंचे आयुक्त अबिनाश मिश्रा ,महिलाओं से की चर्चा

**रायपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आदेशानुसार एवं उपमुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन एवं विकास मन्त्री अरुण साव के निर्देशानुसार रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के दिशा - निर्देश एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर राजधानी शहर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुधारने शहर की स्वच्छता रैकिंग और बेहतर बनाने की दृष्टि से स्वच्छता अभियान निरन्तर प्रगति पर है. प्रतिदिन आयुक्त अबिनाश मिश्रा, अपर आयुक्त, उपायुक्त स्वास्थ्य, जोन कमिश्नरगण, कार्यपालन अभियन्तागण, जोन स्वास्थ्य अधिकारीगण विभिन्न स्थानों की सफाई व्यवस्था का सुबह 6 बजे से निरीक्षण कर सफाई करवा रहे हैं. इस क्रम में आज नगर निगम आयुक्त एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम जोन क्रमांक 7 के तहत कोटा बीएसयूपी कॉलोनी में पहुंचकर वहाँ की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण जोन 7 जोन कमिश्नर जसदेव सिंह बाबरा, नगर निवेशक निशिकांत वर्मा, जोन 7 कार्यपालन अभियन्ता सुशील मोडेस्टस की उपस्थिति में किया.




आयुक्त ने बीएसयूपी कॉलोनी की रहवासियों से चर्चा की एवं अधिकारियों को सम्पवेल की तत्काल सफाई करवाने एवं सेप्टिक टेंक की सफाई सकशन मशीन लगाकर करवाने के निर्देश दिये. आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने रहवासी महिलाओं से छत्तीसगढ़ शासन की महतारी वन्दन योजना पर चर्चा की एवं उनसे शासन द्वारा निर्धारित पात्रतानुसार महतारी वन्दन योजना में आवेदन अन्तिम नियत तिथि दिनांक 20 फरवरी के पूर्व भरकर जमा करके योजना का अधिकाधिक संख्या में पूर्ण वांछित लाभ राज्य शासन की नारी सशक्तिकरण की मंशा के अनुरूप उठाने का आव्हान किया. आयुक्त ने महिलाओं से चर्चा के दौरान महतारी वन्दन योजना के आवेदन को लेकर निर्धारित शासकीय नियमावली की जानकारी दी एवं सभी महिलाओं को अवगत करवाकर अधिक से अधिक संख्या में पात्रतानुसार योजना का लाभ लेने सबको अवगत करवाकर प्रेरित करने का आव्हान किया.

आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित करें कि सभी पात्र महिलायें महतारी वन्दन योजना का पूर्ण वांछित लाभ प्राप्त करने आवेदन प्राप्त एवं जमा करने का कार्य सहजता एवं सरलता के साथ कर सकें एवं कोई भी पात्र महिला योजना का लाभ प्राप्त करने से कदापि वंचित ना रहने पाये।

## विशेष पिछड़ी जनजातियों की बदलेगी तस्वीर

# मुख्यमंत्री साय का विशेष पिछड़ी जनजाति के विकास पर है विशेष जोर

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में तैयार किये गये बजट में विशेष पिछड़ी जनजाति के सदस्यों के लिए 300 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है। इस बजट प्रावधान से छत्तीसगढ़ में रह रहे बिरहोर, पहाड़ी कोरवा, बैगा, कमार और अबूझमाड़िया लोगों को बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिल पाएगा। घास-फूस के घरों की जगह वे पक्के घरों में रह सकेंगे। पेयजल की अच्छी सुविधा होगी। अभी अधिकांश विशेष पिछड़ी जनजाति की बस्तियों में पानी दूर से लाना होता है। कई बार इस जनजातीय समुदाय के लोग झिरिया आदि से पानी पीते हैं। अशुद्ध पेयजल की वजह से बीमारियां पनपती हैं।



देश में पहली बार इन विशेष पिछड़ी जनजातियों के विकास के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना बनाई गई। यह योजना प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु से शुरू की थी। छत्तीसगढ़ में इस योजना पर तेजी से क्रियान्वयन हो रहा है और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय इस पर सीधी नजर रख रहे हैं। बीते माह मुख्यमंत्री ने रायगढ़ जिले में बिरहोर बस्तियों का दौरा भी किया। उन्होंने यहां प्रधानमंत्री जनमन योजना के क्रियान्वयन की स्थिति देखी। मुख्यमंत्री ने इन बस्तियों में रहने वाले लोगों से संवाद भी किया। इन बस्तियों में रहने वाले लोगों को योजनाओं का लाभ मिलते रहे, इसके लिए लगातार कैंप लगाये जा रहे हैं। विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए 300 करोड़ रुपए का बजट उपलब्ध हो जाने से अब इन इलाकों में तेजी से विकास हो सकेगा। यह योजना इसलिए भी आवश्यक थी क्योंकि इन जनजातियों का भौगोलिक परिवेश बहुत कठिन है। जहां पर बस्तियां बसी हैं वहां तक पेयजल की सुविधा उपलब्ध करा पाना तथा अन्य बुनियादी सुविधाएं दे पाना चुनौती होती थी लेकिन मुख्यमंत्री साय के दृढ़ संकल्प के आगे रास्ता आसान हो गया है। जनमन योजना के माध्यम से न केवल बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं अपितु इनके लिए रोजगार के अवसर भी इसके माध्यम से सृजित किये जा रहे हैं। सरगुजा और बस्तर की ओर फोकस की सरकार की नीति भी इन अवसरों को बढ़ाने की दिशा में काफी उपयोगी होगी। स्थानीय उद्यमशीलता को बढ़ावा देकर इन जनजातियों के लिए रोजगार सृजन हो सकेगा।

इन योजनाओं का लाभ आम आदमी तक पहुंचाने के लिए जनमन मित्र तथा सखी विशेष रूप से उपयोगी साबित हुए हैं। वे घर-घर जाते हैं पीवीटीजी से उनकी भाषा में बात करते हैं।

## दोस्तों से न रखे प्रतिद्वंदिता – शेषराज हरवंश

# बाल विकास संस्कृत उमा विद्यालय में हुआ वार्षिकोत्सव का आयोजन

**संवाददाता। पामगढ़ –**

सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ साथ पढ़ाई लिखाई में अपने सहपाठी दोस्तों से छात्र छात्राओं को प्रतिद्वंदिता नहीं रखना चाहिए तथा अपने क्षमता के अनुसार अपने प्रदर्शन में ध्यान रखना चाहिए । उक्त उद्गार विधायक श्रीमति शेषराज हरवंश ने गत दिवस ग्राम डोंगाकोहरौद की बाल विकास संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के मुख्य आसंदी से ब्यक्त किए , आगे उन्होंने कहा कि बच्चे पढ़ाई में किसी भी प्रकार की तनाव न लें और आराम से पढ़ाई करें जिससे सफ्लता अवश्य मिलेगी ।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ठ अतिथि राघवेंद्र प्रताप सिंह उपाध्यक्ष जिला पंचायत ने भौतिक विज्ञान का सुंदर उदाहरण देते हुए कहा कि वार्षिकोत्सव का आयोजन बच्चों में नवसंचार उत्पन्न करने के लिए परम्परा रहा है जो बसंती माह के अनुकूल वातावरण में किया जाता है , जो बारह महीने में न तो गर्मी का समय और न ही सर्दी का मौसम होता है , उसी के अनुरूप विद्यालय संचालक द्वारा आयोजन किया जाना प्रशंसनीय है । कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधी सीताराम यादव , ठाकुर नवल सिंह अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी , देवकुमार पाण्डेय जिलाध्यक्ष कांग्रेस सेवादल ने भी संबोधित कर बच्चों की सुंदर प्रस्तुती के लिए उनका उत्साह वर्धन किया । कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि घासिराम चौहान विधायक प्रतिनिधी , रोहणी कश्यप मंडल उपाध्यक्ष भाजपा , ग्राम सरपंच श्रीमति पूर्णिमा गोंड , उपसपंच मनीष बंजारे भी उपस्थित रहे । इससे पूर्व गांव पहुंचने पर विधायक सहित सभी अतिथियों का कीर्तन मंडली व आतिशबाजी के साथ किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की तैल चित्र पर मुख्य अतिथि एवं सभी उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया जिसके बाद मुख्य अतिथि विधायक श्रीमति शेषराज हरबंश का साल श्रीफ्ल से स्वागत स्कूल के संचालक उमाशंकर पाण्डेय द्वारा तथा अन्य अतिथियों का स्वागत स्कूल स्टाफ श्रीमति अहिल्या पाण्डेय , आकाश पांडेय , श्रद्धा पाण्डेय , भुनेश्वरी पाण्डेय , चांदनी कौशिक , स्वाति धीवर ,छत राम पटेल , सुखनाथ कैवर्त , योगेंद्र पटेल , अमन भारद्वाज , रूखमणी कैवर्ट , कविता सारथी , सरिता धीवर , गोमती सारथी , उमेश कश्यप आदि ने साल श्रीफ्ल से किए , तत्पश्चात गांव के प्रमुख संतोष कौशिक , सीताराम कौशिक , बद्री प्रसाद कश्यप , बुधु पटेल , राधेश्याम कश्यप , बिंदराम कलार , वंशिदास , कांति कौशिक , अरूण पाण्डेय , कांति कौशिक , घनश्याम साहू , जोहन पटवा , बद्रीनाथ पटेल , रामलाल धीवर , गणेशराम धीवर , बलराम धीवर , बद्रिनाथ सूर्यवंशी आदि द्वारा फूलमाला से विधायक श्रीमति शेषराज हरबंश का किया गया । इस दौरान स्कुल के छात्र छात्राओं द्वारा अनेक मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें बड़ी संख्या में स्कुली छात्र छात्राओं , पालक जनों की उपस्थिति रही । कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन संचालक उमाशंकर पाण्डेय द्वारा व संचालन संतोष यादव , सुखनाथ कैवरत द्वारा किया ।

### मन लगाकर करे पढ़ाई –

एम एल कौशिक कार्यक्रम समापन अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी एम एल कौशिक ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ साथ वे सभी मन लगाकर पढ़ाई करें और अभी से अपने जीवन का लक्ष्य बनाकर उसे प्राप्त करने की दिशा में निरंतर प्रयास करें तो सफ्लता अवश्य मिलेगी , वहीं उन्होंने वार्षिकोत्सव की गरिमामय व सफ्लता पूर्वक आयोजन के लिए शाला परिवार को बधाई भी दिए ।







# आप लोग पुण्यात्मा है आपके पूर्वजों ने भगवान को गंगा पार कराया : राजेश्री महन्त

**शिवरीनारायण** - माता शबरी की पावन भूमि शिवरीनारायण के राम जानकी(चौबीस अवतार)मंदिर में केंवट समाज का वार्षिक सम्मेलन संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज उपस्थित हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता केंवट निषाद समाज के वरिष्ठतम नेता श्री एम आर निषाद ने की, कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान रामचंद्रजी, माता जानकी एवं लखन लाल जी के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों के स्वागत के उपरांत मुख्य अतिथि राजेश्री महन्त जी महाराज ने अपने आशीर्वचन संदेश में निषाद समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग गुहा निषाद राज जी के वंशज हैं आप लोगों के पूर्वजों ने संसार के सभी जीवों को भवसागर पार कराने वाले परम ब्रह्म परमात्मा, अखिल ब्रह्मांड नायक भगवान श्री रामचंद्र जी को गंगा पार कराया था इससे बड़ा पुण्य का कार्य कुछ भी नहीं हो सकता। आप सभी पुण्यात्मा हैं। लोगों को कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री निषाद जी ने भी संबोधित किया और कहा कि -पूज्य गुरुदेव राजेश्री महन्त जी महाराज हमारे समाज के वार्षिकोत्सव के स्थाई अतिथि हैं वे हम सभी को आशीर्वाद देने के लिए हम लोग जब भी उन्हें याद करते हैं उपस्थित हो जाते हैं उनका आशीर्वाद हम सभी पर ऐसा ही बना रहे! इस अवसर पर श्रीमती गायत्री निषाद, मनहरण लाल केंवट जेठालाल केंवट, गोपाल केंवट सहित केवट समाज के पूरे राज्य भर से आए हुए अनेक पदाधिकारी एवं सामाजिक संगठन के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।





# आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने ली समाधि..... जिले में शोक की लहर.....

**जांजगीर चांपा ।** छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरी तीर्थ में शनिवार 17 फरवरी देर रात को दिगंबर मुनि परंपरा के आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने अपना शरीर त्याग दिया। आचार्य पद का त्याग करते हुए तीन दिन का उपवास लिया था और मौन धारण कर लिया था द्य इसके बाद उन्होंने प्राण त्याग दिए । उनके शरीर त्यागने की खबर मिलने के बाद जिले के जैन समाज एवं उनके श्रद्धालु भक्तों के दिल में शोक की लहर फैल गई । जैन समाज के सुनील जैन ,यंत्र कुमार जैन, मदन लाल जैन ,सुशील जैन, धर्मचंद जैन, अज्जू जैन सहित जैन समाज में शोक की लहर फैल गई।

# मुख्य न्यायाधिपति श्री रमेश सिन्हा द्वारा किया गया न्यायालय भवन एवं कर्मचारी आवासों का वर्चुवल शिलान्यास



**जांजगीर चांपा** – माननीय मुख्य न्यायाधीपति न्यायमूर्ति श्री रमेश सिन्हा छत्तीसगढ उच्च न्यायालय के द्वारा अपने अति व्यस्ततम समय में से आज दिनांक 18 फरवरी 2024 को सुबह 11:00 बजे वर्चुवल रूप से जुड़कर विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जांजगीर चांपा जिला के चांपा में बस स्टेण्ड चांपा के पास नवीन न्यायालय भवन का शिलान्यास किया गया। उक्त कार्यक्रम में ही व्यवहार न्यायालय भवन चांपा के अतिरिक्त व्यवहार न्यायालय अकलतरा, नवागढ़, सक्ती, मालखरौदा, डभरा, जैजैपुर एवं नवीन कर्मचारी आवासीय परिसर जांजगीर का शिलान्यास किया गया। इसी दौरान जिले के पोर्ट-फोलियो जज श्री पार्थ प्रतीम साहू ने कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रहकर भूमि पूजन किया एवं भवनों की आधारशीला रखी।

माननीय मुख्य न्यायाधीपति न्यायमूर्ति श्री रमेश सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि न्यायालय को बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए राज्य सरकार के सहयोग से काम किया जा रहा है और इसके लिए पहल भी शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि हमे राज्य के न्यायालयों में काम करने का बेहतर माहौल प्रदान करना है। यह परियोजना न्यायिक अधिकारी/कर्मचारियों के लिए न्यायालय भवन एवं आवास प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है ताकि न्यायालय भवन एवं आवास प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की कठिनाईयों का सामना न करना पडे। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं इंजीनियरों को इस परियोजना को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा पर पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए न्यायालयीन अधिकारियों एवं जिलाधीश को भी इस परियोजना की सतत निगरानी रखने के लिए कहा।

आगे उनके द्वारा व्यक्त किया गया कि किसी भी जिले में न्यायिक कर्मचारियों के लिए सर्वसुविधायुक्त रहवासी कॉलोनी उत्साहवर्धक एवं नयी उर्जा का संचार करने वाली होती है जिससे उनके कार्यकुशलता में और दक्षता होती है, जिले में नयी कॉलोनी ऐसी बने जो राज्य के लिए एक मिसाल साबित हो।

भूमि पूजन एवं आधारशीला के कार्यक्रम के माननीय विशिष्टि अतिथि न्यायमूर्ति श्री पार्थ प्रतीम साहू छत्तीसगढ उच्च न्यायालय एवं पोर्ट-फोलियो जज जांजगीर चांपा ने इस अवसर पर उपस्थित न्यायिक अधिकारियों, जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों एवं न्यायालय कर्मचारी सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए न्यायालय भवनों एवं आवास गृह निर्माण के लिए शुभकामनाएं भी दी गई। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सुरेश कुमार सोनी द्वारा मुख्य न्यायाधिपति एवं पोर्टफोलियो न्यायाधीश का स्वागत करते हुए जांजगीर चांपा जिला को नवीन न्यायालय भवनों एवं सर्व सुविधायुक्त रहवासी कॉलोनी की सौगात देने के लिए स्वागत किया गया।

माननीय विशिष्टि अतिथि न्यायमूर्ति श्री पार्थ प्रतीम साहू के द्वारा पूरे विधि विधान से कार्यक्रम पश्चात भूमि पूजन करते हुए आधारशीला रखी। प्रस्तावित नवीन व्यवहार न्यायालय भवन एवं न्यायिक कर्मचारीगण के लिए रहवासी कॉलोनी के भूमि पूजन एवं आधारशीला के कार्यक्रम में श्री राजेन्द्र वर्मा प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सहित परिवार न्यायालय एवं जिला न्यायालय के अन्य न्यायाधीशगण एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन श्रीमति पल्लवी तिवारी, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश जांजगीर के द्वारा किया गया।

इस दौरान कलेक्टर सक्ती श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान, जांजगीर चांपा पुलिस अधीक्षक श्री विवेक शुक्ला, पूर्व विधायक श्री मोतीलाल देवांगन, जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल कुमार रावटे, अपर कलेक्टर श्री गुड्डू लाल जगत, जिला अधिवक्ता संघ जिला अध्यक्ष श्री अजय केशरवानी, श्री कार्तिकेश्वर स्वर्णकार, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष श्री विजय पटेल सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

विदित हो कि जिला मुख्यालय से दूरस्थ स्थल चांपा में खाली स्थान पर विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भूमि पूजन करवाया जाना चुनौतीपूर्ण रहा परंतु जिले के पोर्टफोलियो न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति श्री पार्थ प्रतीम साहू के निर्देशन में जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सुरेश कुमार सोनी द्वारा जिले के कलेक्टर, भारत संचार निगम लिमिटेड एवं लोक निर्माण विभाग से सतत समन्वय कर वर्चुअल मोड में नवीन कार्यालय भवन एवं आवासीय परिसर का भूमि पूजन एवं शिलालेख अनावरण के कार्य को सफ लतापूर्वक करवाया गया।




# निगम आयुक्त व सीईएमओ सप्ताह में तीन दिन करेंगे वार्डों का निरीक्षण

## डिप्टी सीएम साव के निर्देश पर नगरीय प्रशासन विभाग ने जारी किया निर्देश

**रायपुर संवाददाता।**

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव द्वारा प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा के बाद विभाग ने नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने नगर निगमों के आयुक्त तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उप मुख्यमंत्री द्वारा समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के परिपालन में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव बसवराजू एस. ने अधिकारियों को बेहतर साफ-सफाई, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और उन्हें समय-सीमा में पूर्ण करने, अतिक्रमण रोकने, राजस्व वसूली, प्रधानमंत्री आवास निर्माण, पेयजल तथा विद्युत व्यवस्था के संबंध में परिपत्र जारी कर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए सभी नगरीय निकायों में लोगों को आवश्यक सुविधाएं गुणवत्ता के साथ उपलब्ध कराने को कहा है।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नागरिकों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तायुक्त सेवा प्रदान करने प्रत्येक सप्ताह तीन दिन, संभवतः हर दूसरे दिन प्रातः किसी एक वार्ड का निरीक्षण कर स्वच्छता, निर्माण कार्य, अतिक्रमण, राजस्व वसूली, पीएम आवास, पेयजल और विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। विभाग ने नगरीय निकाय के हर वार्ड के लिए आवश्यकतानुसार नोडल अधिकारी तथा सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त कर सफाई के लिए कार्ययोजना तैयार करने को कहा है। सड़कों तथा नालियों की नियमित सफाई के साथ ही गारबेज वल्नरेबल पॉइंट्स को चिन्हांकित कर ऐसे स्थानों पर विशेष सफाई की व्यवस्था के भी निर्देश दिए हैं।

नगरीय प्रशासन विभाग ने अधिकारियों को शत-प्रतिशत डोर-टू-डोर गारबेज कलेक्शन और सोर्स सेग्रीगेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। निकाय में एकत्रित कचरे का निपटान वैज्ञानिक रीति से ही करने तथा खुले में कचरे का परिवहन एवं कचरा जलाने पर सख्त कार्यवाही करने के लिए कहा गया है। शहर के चौक-चौराहों, बाजारों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर विशेष सफाई की व्यवस्था के लिए भी निर्देशित किया गया है। वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट एवं एसएलआरएम सेंटर का हर महीने निरीक्षण कर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के अनुसार सुनिश्चित करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं।

विभाग ने सभी नगरीय निकायों में निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने इनके निरीक्षण और प्रगति की नियमित समीक्षा करने को कहा है। निर्माण सामग्री एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता के परीक्षण के लिए निकाय में कार्यरत अनुभवी तकनीकी अधिकारियों का गुणवत्ता प्रकोष्ठ गठित कर विभागीय चलित प्रयोगशाला के माध्यम से गुणवत्ता की जांच करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए हैं।

विभागीय सचिव बसवराजू एस. ने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने हर निर्माण कार्य के लिए एक्शन प्लान तैयार करने को कहा है। उन्होंने एक्शन प्लान के अनुसार समय-सीमा में और गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ अनुबंध के प्रावधानों के अनुसार दंडात्मक कार्यवाही करने को कहा है। उन्होंने शहर में भविष्य की जरूरतों को दृष्टिगत रखते हुए निर्माण कार्यों की योजना बनाने और निर्माण कार्य के दौरान सभी जरूरी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं। नगरीय प्रशासन विभाग ने शहरों में अतिक्रमण को रोकने नगर निगमों के आयुक्त तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को अतिक्रमण करने वालों पर कड़ी एवं निरंतर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

# न्योता भोज का शुभारंभ रायपुर से, कलेक्टर ने हाथों से बच्चों को परोसा भोजन



**रायपुर।** हमारे संस्कृत सुभाषित वाक्यों में शुभस्य शीघ्रम की बात कही जाती है अर्थात शुभ कार्य में शीघ्रता की जानी चाहिए। कल ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने न्योता भोजन के लिए दिशा निर्देश जारी किए थे कि अपने जन्मदिन पर स्कूली बच्चों के साथ समय बताएं। उनके साथ भोजन करें। इस शुभ कार्य के लिए शीघ्रता से पहल करते हुए कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने अपने जन्मदिन के अवसर पर शासकीय नवीन प्राथमिक शाला धरमपुरा के स्कूली बच्चों को न्योता भोज दिया। डॉ गौरव सिंह आज सुबह सपरिवार स्कूल पहुंचे सबसे पहले सरस्वती माता का वंदन किया। उसके बाद वे बच्चों के बीच पहुंचे और उन्हे पंगत में बैठाया और वन बाई वन थाली लगाई। उसके बाद पूडी, सब्जी, दाल, चावल और खीर परोसा, यहीं नही वे बच्चों के पास जाते रहे और उनकी पसंद पूछकर व्यंजन को फिर से परोसा और अंत में बच्चों को केक खिलाया। उनके साथ एसपी संतोष सिंह, डीएफओ विश्वेश्वर राय, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा और जिला पंचायत के सीईओ विश्वदीप ने भी भोजन परोसा। साथ ही कलेक्टर ने इन स्कूली बच्चों के बीच बैठ पत्नी डॉ सुनिता सिंह और दोनो बच्चे आद्या सिंह और अक्षरा सिंह के साथ भोजन किया।

भोजन करते समय बच्चों के चेहरे पर खुशियां झलक रही थी, वे खिल उठे और प्यार से कलेक्टर के पास जाकर उपहार स्वरूप पुष्प दिया। यहीं नही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल और कलेक्टर को थैंक यू कहा। साथ ही उन्होंने उत्साहित होकर कलेक्टर बनने की भी इच्छा जाहिर की। इस खुशी के क्षण में श्रीमती बूंदा बाई साहू ने सोहर गीत गाकर कलेक्टर को जन्मदिन की बधाई दी। श्रीमती साहू सरस्वती महिला समूह की अध्यक्ष है वह जब से मध्याह्न भोजन योजना शुरू हुई है तब से स्कूल में भोजन आपूर्ति कर रही है। कलेक्टर ने अधिकारीगण और आम नागरिकों से आग्रह करते हुए कहा कि वे अपने जीवन के महत्वपूर्ण दिन क्षण इत्यादि को स्कूल के बच्चों के साथ मनाएं। उन्हें इसी प्रकार से न्योता भोज दें। उन्हें इस प्रकार का भोजन करा सकते है या उनके भोजन में पौष्टिक भोज्य पदार्थ शामिल कर सकते है। यदि कोई इच्छुक हो तो हमसे संपर्क करें हम हर महीने में उनका पंजीयन कर एक सिस्टम बना देंगे, उन्हें बच्चों के साथ अपनी खुशी बाटने का मौका मिलेगा और हम उन्हें सम्मानित भी करेंगे।

यह प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर यह आयोजन किया गया। सामुदायिक सहयोग से स्कूली बच्चों के खानपान में पोषण आहार की मात्रा बढ़ाने न्यौता भोजन'' की अभिनव पहल की जा रही है।

# मतदाता सूची में मिले फर्जी नाम : सभी धर्म विशेष के लोग,थाने में शिकायत दर्ज

**विधानसभा चुनाव से पहले भाजपाई लगाते रहे है आरोप जिले में बाहरी लोगों के फर्जी नाम मतदाता सूची में जोड़े गए**

कवर्धा संवाददाता।




विधानसभा चुनाव के पहले से लगातार भाजपाई जिले में अनेक ग्रामो में फर्जी तरीके से मतदाता सूची में बाहरी लोगों के नाम जोड़े जाने की शिकायत करते रहे हैं। उनका आरोप रहा है तत्कालीन सरकार में बैठे लोगों के प्रभाव के चलते ऐसे लोगो का नाम मतदाता सूची में जोड़ा गया है जो कवर्धा जिले में उस गाँव के निवासी ही नही है। धीरे धीरे अब हकीकत सामने आने लगी है।

ग्राम बचेड़ी में फर्जी मतदाताओं के नाम जुड़े होने की आशंका पहले से कर रहे ग्रामवासियों ने ग्राम पंचायत बचेडी के मतदाता सूची में फर्जी लोगों के नाम दर्ज पाए जिनका गाँव से कोई संबद्ध नही है और न वे यहाँ के निवासी है। ऐसे फर्जी लोग क्यो और किस आशय से मतदाता सूची में शामिल किए गए इसकी जाँच के लिए ग्राम वासियों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# सड़क सुरक्षा संबंधी जन जागरूकता कार्यक्रमों का हो आयोजन: मुख्य सचिव जैन




**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन द्वारा आज चिप्स कार्यालय रायपुर से समस्त संभागायुक्त एवं कलेक्टर्स की एक महत्वपूर्ण बैठक वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से ली गई। बैठक में मुख्य सचिव द्वारा जिलों से शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा उपरान्त आगामी कार्यवाही के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

मुख्य सचिव जैन द्वारा इसी क्रम में जिलों को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक प्रतिमाह अनिवार्यतः आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिलों में प्रतिमाह सड़क सुरक्षा को लेकर जन जागरुकता संबंधी कार्यक्रम भी आयोजित करने के लिए निर्देशित किया। इनमें सुगम यातायात संबंधी अलग-अलग विषयों जैसे- गुड सेमीरेटन, हेलमेट, सीटबेल्ट की अनिवार्यता ड्रंक एण्ड ड्राइव इत्यादि विषयों पर समुदाय के बीच उनकी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम आयोजित करने के लिए निर्देश दिए। मुख्य सचिव जैन ने समीक्षा के दौरान राज्य में अतिरिक्त जेलों की आवश्यकता का आंकलन कर मौजूदा जेलों की क्षमता के विस्तार एवं नवीन जेलों की स्थापना के लिए भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता की समीक्षा भी की गई।

उक्त वर्चुअल बैठक में सचिव गण सर्वएस. प्रकाश, श्रीमती शम्मी आबिदी, एन एन एक्का, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक यातायात प्रदीप गुप्ता एवं अध्यक्ष अंतर्विभागीय लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा) संजय शर्मा के अलावा समस्त संभागायुक्त, सभी जिला कलेक्टर्स एवं विभागीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# बस्तर जिला पत्रकार संघ ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**फर्जी पत्रकारों की उगाही को रोकने की मांग**




**रायपुर।** बस्तर संभाग में फर्जी पत्रकारों की अवैध उगाही की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर बस्तर जिला पत्रकार संघ ने पुलिस अधीक्षक जगदलपुर को ज्ञापन सौंपा है इस ज्ञापन में ऐसे पत्रकार पर कार्रवाई करने की मांग की गई है। पत्रकार संघ के सूत्र ने बताया है कि बस्तर जिला पत्रकार संघ को लगातार यह जानकारी आ रहा है कि बहुत सारे अवांछित और आपराधिक प्रवृति के असामाजिक तत्व पत्रकारिता के नाम पर शासकीय विभागों,पंचायतों,धान खरीदी केंद्रों,राशन दुकानों,निर्माण कार्यों तथा कई सामाजिक,सार्वजनिक स्थानों में जाकर पत्रकारिता की धौंस दिखाकर स्वच्छ वातावरण को दूषित कर रहे हैं.इन तत्व का वैध तरीके से प्रिंट मीडिया अथवा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से कोई सरोकार नहीं होता। बावजूद इसके ये अवैध रूप से माइक,आईडी,कैमरा लेकर नशे की अवस्था अथवा गैर नशे की अवस्था में धन उगाही में सतत सक्रिय बने हुए हैं । इन तत्वों के द्वारा प्रशासनिक,राजनीतिक एवं सामाजिक वातावरण के साथ ही स्वस्थ्य पत्रकारिता के वातावरण को भी दूषित किया जा रहा है । अवैध कारोबार में लिप्त कई लोग अपने वाहनों पर बाकायदा प्रेस(क्कक्रश्वस्स्)लिखवा कर पुलिस एवं समाज को चकमा दे रहे हैं,विगत कई महीनों से उक्ताशय की घटनाएं प्रकाश में आई हैं कई ऐसे मामलों की शिकायतें हुईं है एवं प्रकरण भी दर्ज किये गए है।पत्रकार संघ की जानकारी में उपरोक्त लोग प्रिंट मीडिया अथवा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से संबंधित नहीं हैं.महोदय किसी ड्ढद्धक्क पत्रकारिता का मुखौटा पहने कोई आपराधिक तत्व अथवा नक्सली किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है।

दो दिन पूर्व बस स्टेशन में हुई फाइरिंग की वारदात में भी ऐसे स्वम भू पत्रकार द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है। ऐसी विषम परिस्तिथियों प्रशासन को विशेष सजगता की आवश्यकता हैं साथ ही जिले में संचालित फर्जी मीडिया माध्यमों की जाँच की शक्त आवश्यकता हैं। दुर्भाग्य है की इन फर्जी लोगों ने जनसंपर्क विभाग में अपना नाम भी दर्ज करवा लिया है। जनसंपर्क में इलेक्ट्रॉनिक एवम् प्रिंट मीडिया जिसे की शासन की मान्यता है उनके अलावा अन्य अनाधिकृत मीडिया माध्यमों को किस आधार पर जोड़ा गया यह भी जाँच का विषय है।

अतः मान्यवर से पुनः सादर निवेदन है कि इन असामाजिक तत्वों द्वारा मीडिया प्रेस एवं पत्रकारिता के

# छत्तीसगढ़ धरोहर रत्न सम्मान से विजय मिश्रा समेत तीन विभूषित



**रायपुर।** रूपाली महतारी गुड़ी बहुउद्देशीय संस्था और स्व सहायता समूह उरला के बैनर तले साहित्य- संस्कृति कर्मियों का सम्मान किया गया। वृंदावन हॉल में आयोजित समारोह में मुरली मनोहर खंडेलवाल, जयप्रकाश शर्मा विजय मिश्रा अमित, शैल शर्मा योगेश नैय्यर सम्मानित हुए। छत्तीसगढ़ धरोहर रत्न सम्मान से विभूषित उक्त रंग कर्मियों, साहित्यकारों ने छत्तीसगढ़ के कला जगत और साहित्य जगत के उत्थान में अपनी दीर्घकालीन सेवाएं दी हैं। समारोह में रुपाली संस्था,स्व सहायता समूह के पदाधिकारियों, वरिष्ठ लोकगायिका रमा जोशी बहनों,कलाकारों ङ्क लेखकों सहित बड़ी संख्या में उपस्थित प्रबुद्धजनों ने शुभकामनाएं दीं।

# राजभवन में लंबित सर्व समाज के आरक्षण विधेयक पर स्थिति स्पष्ट करे साय सरकार



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की बदनीयती के चलते ही पूर्ववर्ती सरकार द्वारा पारित 76 प्रतिशत आरक्षण विधेयक विगत 14 महीना से अधिक समय से राजभवन में लंबित है। भाजपाइयों के षड्यंत्र के चलते ही छत्तीसगढ़ के बहुसंख्यक अबादी को उनके शिक्षा और रोजगार के अधिकार को सीधे तौर पर प्रभावित करने वाले प्रावधान के 76 प्रतिशत आरक्षण से वंचित रखा गया है। भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 32 प्रतिशत आरक्षण, अनुसूचित जाति के लिए उनकी आबादी के अनुरूप 13 प्रतिशत आरक्षण और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान उस नवीन आरक्षण विधेयक 2022 में किया है। सभी वर्गों के गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले ईडब्ल्यूएस के लिए भी 4 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था उस विधेयक में है। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के षडयंत्र और दुर्भावना के चलते ही राजभवन की आड़ में आरक्षण विधेयक को लंबित रखा गया है, अब तो प्रदेश में तथाकथित डबल इंजन की सरकार है, राजभवन में लंबित छत्तीसगढ़ नवीन आरक्षण विधेयक पर अपनी स्थिती स्पष्ट करे विष्णुदेव साय सरकार। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी मूलतः सामाजिक न्याय की विरोधी है। विष्णुदेव साय सरकार यह नहीं चाहती की स्थानीय आबादी को उनका हक और अधिकार मिले। आरक्षण विरोधी भाजपाईयों के इशारे पर ही जन सरोकारों के महत्वपूर्ण, 76 प्रतिशत नवीन आरक्षण विधेयक को राजभवन में लंबित रखा गया है। सरकार बनते ही अडानी के मुनाफे के लिए तत्परता से हसदेव में जंगल कटवाने वाले भाजपाई, महामहिम से आरक्षण विधेयक का अनुमोदन करने की अपील करें, अन्यथा अपनी राजनैतिक पाखंड के लिए पौने तीन करोड़ छत्तीसगढ़िया जनता से माफी मांगे। छत्तीसगढ़ नवीन आरक्षण विधेयक 2022 के संदर्भ में भारतीय जनता पार्टी से अपना रुख स्पष्ट करने की मांग करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि सामाजिक न्याय और आम छत्तीसगढ़िया जनता अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और सामान्य वर्ग के गरीबों के हक और अधिकार से संदर्भित महत्वपूर्ण नवीन आरक्षण विधेयक 2 दिसंबर 2022 से राजभवन में अनुमोदन के लिए आज तक लंबित है।

# भाजपा सरकार बनते ही अपराधियों के हौसले बुलंद : कांग्रेस



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि सूरजपुर जिला शिक्षा अधिकारी का पालकों को पत्र लिखकर स्कूली बच्चों की सुरक्षा स्वयं करने निर्देश देना इस बात का प्रमाण है कि भाजपा की सरकार अपराधियों से जनता की सुरक्षा करने में नकारा हो गई है। प्रतापपुर से गायब रिशु कश्यप को अभी तक पुलिस ढूंढ नहीं पाई है, वही अपराधियों ने दिनदहाड़े 11 वर्षीय बच्ची का अपहरण करने का प्रयास किया है जिसे जनता ने बचाया है। छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था चरमरा गई है। अपराधियों के हौसले बुलंद है। पूरा प्रदेश यूपी की तरह जंगल राज की ओर बढ़ रहा है। अपहरण, बलात्कार, लूटपाट, चाकूबाजी, डकैती चोरी की घटनाएं बढ़ी, गोली चलना शुरू हो गया है। जिला शिक्षा अधिकारी के पत्र के पश्चात पालक अपने बच्चों को स्कूल भेजने में डर रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि 15 साल के भाजपा शासन काल के दौरान भी छत्तीसगढ़ अपराधियों के लिए सबसे सुरक्षित जगह था, अपराधियों का पनाहगार था। उन 15 सालों में शाम को 6 बजे थाना के दरवाजे बंद हो जाते थे।

जनता सूर्यास्त के बाद घर से बाहर निकलने से डरती थी, मॉर्निंग वॉक में लोग नहीं जाते थे, आज फिर वही स्थिति निर्मित होने जा रही है।

# छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक अध्यक्ष की राज्यपाल से सौजन्य भेंट



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष आई के गोहिल द्वारा माननीय राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन से सौजन्य भेंट की गई । गोहिल द्वारा राज्यपाल महोदय को बैंक द्वारा छत्तीसगढ़ के विकास में किये जा रहे योगदान एवं बैंक की गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी प्रदान की गई । अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि बैंक अपनी 614 शाखों एवं 3300 बैंकिंग सुविधा केंद्रों के माध्यम से राज्य के 67 लाख ग्राहकों को आधुनिक बैंक की सुविधा प्रदान कर रही है। राज्यपाल द्वारा बैंक द्वारा राज्य की जनता को प्रदाय की जा रही बैंकिंग सुविधा एवं राज्य के विकास में किये जा रहे योगदान की सराहना की गई।

# पीएससी के प्रश्नों में गड़बड़ी, भाजपा नेताओं के परिजनों के चयन की भी जांच करायेगी भाजपा सरकार?



**रायपुर।** राज्य लोकसेवा आयोग की 2023 के प्रीलिम्स के प्रश्नपत्रों में 5 सवालों में हुई गड़बड़ियों की भी भाजपा सरकार जांच करायेगी क्या? प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पीएससी ने सवालों के लिये जो मॉडल उत्तर जारी किया है उसमें 5 सवालों के जवाब सही नहीं है, सरकार इन सवालों के जवाबों की गड़बड़ियों की जांच कराये। इतनी बड़ी संख्या में प्रश्नों के उत्तर में गलती बड़े षड़यंत्रों की ओर ईशारा करता है। गलत उत्तरों को सही बता कर नतीजों को प्रभावित तो नहीं किया जा रहा, इसकी जांच की जानी चाहिये। साथ ही जिन मॉडल उत्तर पर सवाल उठ रहे है, उस पर आयोग को विचार कर छात्रों की समस्या का समाधान करना चाहिए। प्रश्न विगत वर्षो की अपेक्षा उतने त्रुटिपूर्ण नहीं थे परंतु उत्तरों की विसंगतियों को दूर करना उचित होगा क्योंकि प्रतियोगी परीक्षाओं में छात्रों के लिये दशमलव के अंक भी उनके भविष्य का निर्धारण करते है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा ने अपनी राजनीति करने के लिये पीएससी के चयन पर अनर्गल आरोप लगाया था। भाजपा के आरोप थे कि नेताओं, अधिकारियों के बच्चों का चयन पीएससी में कैसे हो गया जबकि राज्य की पीएससी में सिविल जज की परीक्षा में भाजपा नेताओं के रिश्तेदारों का भी चयन हुआ है।

# एस आर यू में योग विषय पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के कला संकाय के अंतर्गत योग विभाग द्वारा 21 से 23 फरवरी 2024 को विषय योगा वेंचर : एंबार्किंग द जर्नी आफबॉडी, माइंड और सॉल पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मलेन को आई.यू.सी.वाय.एस ( इंटर युनिवर्सिटी सेंटर फॉर योगिक साइंस) बेंगलुरु द्वारा प्रायोजित किया गया है।

उक्त सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. जी.डी. शर्मा चेयरमैन ए.आई. यू. नई दिल्ली सम्मिलित होंगे। साथ ही प्रो. बलराम सिंह प्रेसिडेंट, इंस्टिट्यूट ऑफ़एडवांस साइंस यू. एस. ए. , डॉ. सोमवीर आर्य, डायरेक्टर इंडियन कल्चुरल सेंटर एम्बेसी ऑफ़इंडिया साउथ अमेरिका, इंडोनेशिया से प्रो. केटुट डिओन्डर एवं डॉ. प्रोफेसर भगवंत सिंह (पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय) भी प्रथम दिवस में उपस्थित होंगे। इस तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मलेन में प्रतिभागी ऑफ़लाइन एवं ऑनलाइन दोनों माध्यम से शामिल होकर वैश्विक स्तर के विद्वानों के संबोधन से लाभान्वित होंगे ।

# जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर लगा



**रायपुर।** जिस मूलनिवास प्रमाण पत्र, नामांतरण, ऋण पुस्तिका के लिए हफ्ते भर का समय लगता है, लेकिन आज वह घण्टे भर में बन गए और हितग्राहियों को हाथों में तत्काल मिल गए। यह नजारा था कलेक्टोरेट परिसर का। जहां आज मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इसके पूर्व में तहसील एवं राजस्व मंडल स्तर पर भी शिविर का आयोजन किया गया था। आज शिविर में संभागायुक्त डॉ संजय अलंग और कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने आम नागरिकों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी। कुछ समस्याओं का मौके पर निराकरण हुआ। कुछ के लिए समय सीमा निश्चित कर समाधान करने की कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए।

शिविर में आवेदको द्वारा नामांतरण के संबंध में 31 आवेदन प्राप्त हुये थे जिसमें स्थल पर 22 आवेदनों का निराकरण किया गया, शेष प्रक्रियाधीन है। खाता विभाजन के कुल 02 आवेदन प्राप्त हुये थे जिसमें प्रकरण दर्ज किया गया। सीमांकन के 05 आवेदन में से 03 आवेदनों का निराकरण स्थल पर किया गया, शेष प्रक्रियाधीन है। किसान-किताब के 08 आवेदन प्राप्त हुये सभी आवेदनो का निराकरण स्थल पर किया गया। जाति/आय/निवास प्रमाण पत्र के 19 आवेदन प्राप्त हुये सभी आवेदनो का निराकरण स्थल पर किया गया। राजस्व संबंधी अन्य आवेदनो की कुल 48 आवेदनों में 18 आवेदन का निराकरण स्थल पर किया गया शेष प्रक्रियाधीन है। इस प्रकार कुल 125 आवेदनो में से 72 आवेदनो का स्थल में निराकरण किया गया शेष आवेदनों को शीघ्र निराकरण किये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों का निर्देशित किया गया। शिविर में सभी तहसीलों के राजस्व अमला मौजूद था। कलेक्टर सभी तहसीलों के टेबल पर गए उनके आवेदन की स्थिति जानी और आवेदकों से भी बात की। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने राजस्व अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि नागरिकों से संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करें। जो समस्या जल्द निराकृत हो सकती है। उसका समाधान करें, जो समय सीमा के भीतर अवश्य करें। उन्होंने कहा कि वे स्वयं तहसीलवार मौके पर जाकर समीक्षा करेंगे और लंबिल राजस्व प्रकरण की जमीनी हकीकत की जानकारी लेंगे।

# सिरपुर महोत्सव 24 से 26 फरवरी तक




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पुरातात्विक नगरी सिरपुर में तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव का आयोजन 24 से 26 फरवरी तक किया जाएगा। सिरपुर में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय महोत्सव की तैयारियां जोरो पर है।

सिरपुर महोत्सव में इस बार लेजर शो और इंडियन आइडल फेम की प्रस्तुति मुख्य आकर्षण होंगे। महोत्सव के दौरान पहली बार महानदी आरती आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही प्रतिदिन शाम 4 से 6 बजे तक स्थानीय लोक कलाकारों को अपनी कला की प्रस्तुति देंगे। सिरपुर महोत्सव में स्थानीय एवं छत्तीसगढ़ी स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखरेगी। इसके लिए प्रदेश के ख्याति प्राप्त लोक कला मंचों से सम्पर्क किया जा रहा है। राज्य के ख्यातिनाम कलाकारों में सुप्रसिद्ध गायिका आरू साहू, प्रख्यात गायक सुनील सोनी सहित अन्य कलाकारों से संपर्क किया जा रहा है। वहीं इंडियन आइडल फेम अभिजीत सांवत द्वारा भी प्रतुति देने की संभावना है। इसके अलावा सांस्कृतिक और ऐतिहासिक नगरी सिरपुर के पुरातात्विक इतिहास को लेजर शो के माध्यम से दिखाने की तैयारी चल रही है। महोत्सव के दौरान पहली बार महानदी आरती आयोजन किया जाएगा, इसके लिए भी तैयारी निर्देश दिए गए हैं। विभिन स्थलों में स्वागत गेट भी बनाया जाएगा। मंदिरों में आकर्षक लाइटिंग की जायेगी। सिरपुर महोत्सव के आयोजन स्थल पर साफ-सफाई, पार्किंग, शौचालय, पेयजल आदि की चाक चौबंद व्यवस्था की जा रही। श्रद्धालुओं के लिए स्नान कुंड भी बनाए जा रहे है। कलेक्टर ने महोत्सव स्थल में स्थाई रूप से बाजार शेड और अन्य विकास कार्यों के लिए भी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़कों में लगे स्ट्रीट लाईट में लाईटिंग करने के निर्देश दिए हैं।

## खास खबर

### भानुप्रतापपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का हुआ आयोजन, पात्र लोग हो रहें योजना से लाभान्वित

**भानुप्रतापपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के द्वितीय चरण के लिए एक बार पुनः भानुप्रतापपुर नगर अंतर्गत संकल्प शिविर का आयोजन किया गया, इस यात्रा के माध्यम से केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को गांव के अन्तिम छोर तक निवास करे रहे जन सामान्य को शत प्रतिशत आच्छादित करना विकसित भारत संकल्प यात्रा का लक्ष्य हैं। कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती के छायाचित्र पर पूजा अर्चना एवम् भारत को विकसित राष्ट्र बनाने शपथ ग्रहण कर शुभारंभ किया गया इस दौरान स्कूली बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया, जिसमे बच्चों ने हसदेव अरण्य पर आधारित झांकियो के माध्यम से संदेश दिया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमंत नेताम ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को जोड़ना है और उन्हें लाभ पहुंचाना है। जिन ग्रामीणो को प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास, पेंशन, स्वच्छ शौचालय, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेयजल, हैण्डपम्पो की स्थापना/मरम्मत, सम्पर्क मार्ग,प्रधान मंत्री विश्वकर्मा योजना, उज्वला योजना जैसे सभी योजनाओं से पात्र लोगों को लाभान्वित करना है ।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा से देशवासियों में जगी न्याय की उम्मीद : विनोद चंद्राकर

**महासमुंद।** राहुल गांधी की यात्रा को लेकर पूरे देश के काँग्रेस कार्यकर्ता उत्साहित हैं। इस यात्रा को लेकर पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि देश में नफ़रत को मिटाने के लिए राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा कर रहे हैं। गांधी आम लोगों के बीच जा रहे हैं और यात्रा का उद्देश्य बता रहे हैं। संविधान की सुरक्षा हो, बेरोजगारों को न्याय मिले, महिलाओं की भागीदारी बढ़े, इसी उद्देश्य के साथ राहुल गांधी आगे बढ़ रहे हैं। भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफलता मिलने का दावा करते हुए चंद्राकर ने आगे कहा कि इस यात्रा ने देशवासियों में न्याय की उम्मीद जगाई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में प्रदेश का उत्तरोत्तर विकास हुआ। बघेल द्वारा बनाए गए गरीब कल्याण की योजना लोगों को काफी पसंद आया। इसलिए प्रदेश में कांग्रेस काफी मजबूत स्थिति में है। और राहुल गांधी की यात्रा के बाद कांग्रेस और मजबूत हुई है। खनिज संपदा से धनी होने के बावजूद छत्तीसगढ़ में केन्द्र की भाजपा सरकार रोज़गार के लिए कोई बड़ी व्यवस्था नहीं कर पाई। राज्य के युवा देशवासियों के न्याय के लिए चल रही इस भारत जोड़ो यात्रा में बढ़ चढ़ कर शामिल हुए और राहुल गांधी के प्रति अपने विश्वास व्यक्त किए। इससे पूर्व कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक जो यात्रा रही, उसका असर पूरे भारत में पड़ा था। इसलिए पूर्व से पश्चिम तक की एक और यात्रा राहुल गांधी कर रहे हैं। इस यात्रा को हर वर्ग का समर्थन मिल रहा है। एक चेतना देश में अब जागृत हो चुकी है। देश के विकास में सबकी भागीदारी है। राहुल गांधी देश को भाईचारा के साथ आगे बढ़ाना चाहते हैं। भारत जोड़ो न्याय यात्रा सफलता की ओर अग्रसर है। इसके परिणाम स्वरूप देश के समस्त राज्यों सहित छत्तीसगढ़ में आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को इसका लाभ मिलेगा और प्रदेश के समस्त 11 सीटों पर कांग्रेस की जीत सुनिश्चित होगी।

# छत्तीसगढ़ में सुशासन का नया दौर

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार राज्य को संवारने के लिए तेजी से फैसले ले रही है। जनहित में लिये जा रहे इन फैसलों से राज्य के वनांचल क्षेत्रों सहित पूरे प्रदेश में उत्साह का माहौल है। राज्य में सुशासन का नया दौर शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री साय ने शपथ लेने के केवल दो माह के अंदर ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राज्य की जनता को दी गई गारंटी को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर अनेक कदम उठाएं हैं।



मुख्यमंत्री श्री साय ने अन्नदाता किसानों को दो साल के बकाया धान बोनस की राशि देने का निर्णय लेते हुए लगभग 13 लाख किसानों के बैंक खातों में सुशासन दिवस के दिन 3716 करोड़ रूपए की राशि अंतरित की। किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ तथा 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से धान खरीदी की गई है। किसानों को वर्तमान में समर्थन मूल्य का भुगतान सहकारी बैंकों के माध्यम से किया गया है। किसानों को अंतर की राशि देने के लिए राज्य सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना प्रारंभ की जा रही है, जिसके अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में 10 हजार करोड़ रूपए का प्रावधान तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 के तृतीय अनुपूरक में 12 हजार करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

प्रदेश के साढ़े 12 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को जल जीवन मिशन के तहत निःशुल्क नल कनेक्शन देने का निर्णय लिया है। निःशुल्क नल कनेक्शन देने के लिए राज्य के बजट में 4,500 करोड़ रुपये प्रावधान रखा गया है। मुख्यमंत्री खाद्यान्न सुरक्षा योजना के लिए 3 हजार 400 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना में भूमिहीन कृषि मजदूरों को 10 हजार रुपये वार्षिक सहायता का निर्णय भी लिया गया है, इसके लिए वर्ष 2024-25 के बजट में 500 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा शपथ ग्रहण के दूसरे दिन प्रथम कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 18 लाख घरों के निर्माण की स्वीकृति देने का निर्णय लिया गया, इसके लिए वर्ष 2023-24 के अनुपूरक बजट में 3799 करोड़ और वर्ष 2024-25 के बजट में 8,369 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। महिलाओं के सशक्तिकरण सहित स्वास्थ्य और पोषण को ध्यान में रखते हुए महतारी वंदन योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत पात्र विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1 हजार रुपए की दर से वार्षिक 12 हजार रुपए आर्थिक सहायता दी जाएगी, इसके लिए बजट में 3000 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा है कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले लोग बख्शे नहीं जाएंगे। इस संबंध में पीएससी परीक्षा घोटाले की सीबीआई जांच का निर्णय लिया गया है। उन्होंने युवा स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना लागू करने का निर्णय लिया है। इसी प्रकार पुलिस विभाग सहित विभिन्न शासकीय भर्तियों में युवाओं को निर्धारित आयु सीमा में 5 वर्षों की छूट देने का निर्णय भी लिया है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने तेंदूपत्ता संग्रहण दर को 4,000 रुपये प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 5,500 रुपये प्रति मानक बोरा करने का निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ में रेल नेटवर्क के विस्तार के लिए कटघोरा से डोंगरगढ़ रेल लाइन निर्माण के लिए राज्य के बजट में 300 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। घरेलू उपभोक्ताओं को 400 यूनिट तक आधे दाम पर बिजली प्रदाय करने के लिए 1274 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। भ्रष्टाचार निवारण के लिए शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी के लिए अटल मॉनिटरिंग पोर्टल शुरू किया गया है। कोल परिवहन की पारदर्शी प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन परमिट व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के लिए छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के शहर राजिम के वैभव को फिर से स्थापित करने के लिए राजिम कुंभ (कल्प) आयोजन का निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ के लोगों को अयोध्या यात्रा के लिए निःशुल्क रामलला दर्शन योजना लागू की गई है, इसके लिए बजट में 35 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

### सामुदायिक भागीदारी से भोजन को अधिक पोषक बनाने की पहल

# छत्तीसगढ़ के स्कूलों में अब 'न्योता भोजन'

गरियाबंद। छत्तीसगढ़ के स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को दिए जाने वाले गर्म भोजन को सामुदायिक भागीदारी की बदौलत और अधिक पोषक बनाने की अभिनव पहल की गई है। शाला अवधि में विद्यार्थियों को भोजन प्रदाय करने के लिए संचालित प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना गाईडलाईन में सामुदायिक आधार पर तिथि भोजन के प्रावधान के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में इसे 'न्योता भोजन' के नाम से लागू करने का निर्णय लिया गया है।



न्योता भोजन का उद्देश्य समुदाय के बीच अपनेपन की भावना का विकास, भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि तथा सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना विकसित करना है। न्योता भोजन की अवधारणा सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यह पूरी तरह से स्वैच्छिक है और समुदाय के लोग अथवा कोई भी सामाजिक संगठन, स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं अथवा अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकेंगे। न्योता भोजन, स्कूल में दिए जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं होगा, बल्कि यह विद्यार्थियों को दिए जा रहे भोजन का पूरक होगा। यह विभिन्न त्यौहारों या अवसरों जैसे वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह और राष्ट्रीय पर्व आदि पर बड़ी संख्या में लोगों को भोजन प्रदान करने की भारतीय परम्परा पर आधारित है। समुदाय के सदस्य ऐसे अवसरों/त्यौहारों पर अतिरिक्त खाद्य पदार्थ या पूर्ण भोजन के रूप में बच्चों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन प्रदान कर सकते हैं। यह पूरी तरह स्वैच्छिक है और समुदाय के लोग अथवा कोई भी सामाजिक संगठन या तो पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं या अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में मिठाई, नमकीन, फल या अंकुरित अनाज आदि के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकते हैं। ध्यान रहे न्योता भोजन शाला में दिये जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं है, बल्कि यह केवल शाला में प्रदान किये जाने वाले भोजन का पूरक है।

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना में समुदाय की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिये छत्तीसगढ़ राज्य में न्योता भोजन की अवधारणा रखी गई है, जिसमें प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना से लाभांवित हो रहे बच्चों को अतिरिक्त खाद्य पदार्थ या पूर्ण भोजन के रूप में पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन प्रदान किया जा सकेगा। इसके तहत समुदाय के सदस्य किचन के बर्तन भी उपलब्ध करा सकते है।

संभावित दाताओं की पहचान- समुदाय में ऐसे दान दाताओं की पहचान की जा सकती है जो रोटेशन में माह में कम से कम एक दिन शाला में 'न्योता भोजन' करा सके। दान दाताओं को प्रोत्साहित करने के लिये उन्हें शाला की प्रार्थना सभा अथवा वार्षिक दिवस में सम्मानित किया जाए। भोजन दान की प्रकृति को महादान के रूप में प्रचारित किया जाना चाहिए, जिसमें पूरे विद्यालय अथवा किसी कक्षा विशेष के बच्चों को 'न्योता भोजन' कराया जाता है। 'न्योता भोजन' के दिन दान-दाता को शाला में आमंत्रित किया जाए। 'न्योता भोजन' की घोषणा प्रार्थना के दौरान की जाए। घोषणा में दान-दाता के नाम की भी घोषणा की जा सकती है अथवा उन्हें आमंत्रित किया जा सकता है।

'न्योता भोजन' के अन्तर्गत प्रदान की जाने वाली सामग्रियां- प्रदान की जाने वाली सामग्री में शाला के लिये पूर्ण भोजन, कक्षा विशेष के लिये पूर्ण भोजन अथवा अतिरिक्त पोषण आहार हो सकता है। इसके अतिरिक्त पूर्ण या अतिरिक्त पोषण हेतु सामग्री प्रदान की जा सकती है जिसे शाला के रसोईयों के द्वारा बनाकर बच्चों को परोसा जा सकता है। दान-दाताओं द्वारा प्रदान किया जाने वाला खाद्य पदार्थ अथवा सामग्री उस क्षेत्र के खान-पान की आदत (फुड हैबिट) के अनुसार होनी चाहिए। पूर्ण भोजन की स्थिति में नियमित रूप से दिये जाने वाले भोजन के समान बच्चों को दाल, सब्जी और चावल सभी दिया जाना है। फल, दूध, मिठाई, बिस्किट्स, हलवा, चिक्की, अंकुरित खाद्य पदार्थ जैसे सामग्री, जो बच्चों को पसंद हो का चुनाव अतिरिक्त पूरक पोषण सामग्री के रूप में किया जा सकता है। पौष्टिक एवं स्वादिष्ट मौसमी फलों का चयन भी पूरक पोषण सामग्री के रूप में किया जा सकता है। मौसमी फल अपेक्षाकृत सस्ते एवं पौष्टिक होते है।

### कलेक्टर ने ली जिला स्तरीय पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना समिति की बैठक

**सूरजपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा एस.ई.सी.एल. भटगांव क्षेत्र के अन्तर्गत् महामाया ओ.सी.पी. परियोजना हेतु ग्राम दुरती एवं सेन्धोपारा में कोल इण्डिया पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना नीति 2012 के प्रावधानों के तहत जिला स्तरीय पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना समिति की बैठक जिला संयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में रखी गई थी। जिसमें समस्त प्रभावित ग्राम वासी, संबंधित सरपंच, उपसरपंच, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी उपस्थित रहें। बैठक में कलेक्टर ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए बताया कि अर्जित भूमि के एवज में कोल इंडिया पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना नीति 2012 के अनुसार प्रभावितों के लिए प्रशासन, एसईसीएल व प्रभावितों के बीच बेहतर समन्वय बने और समाधान कारक निर्णय लिया जा सके। बैठक में सड़क के लिए अधिग्रहित ज़मीन पर पात्र व्यक्ति, जमीन मालिक को छोड़ किसी दूसरे को नौकरी, नौकरी मे जाति विवाद, भूविस्थापित के नौकरी, मुआवजा, सीएसआर के तहत मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति इत्यादि विषयों पर चर्चा हुई।

कपसरा, गेतरा, करमपुर, जोबगा, मानी, पोड़ी, गोविंदपुर, जयनगर व दतिया ग्राम पंचायत के सरपंच ने अपने गाँव की समस्याएं रखी। जिसमें उन्होंने आंगनबाड़ी, ग्राम पंचायत भवन, स्कूल, सीसी रोड, पानी व बिजली जैसी मूलभूत कमियों से अवगत कराया। जिस पर कलेक्टर ने एसईसीएल व राजस्व अधिकारियों को संयुक्त टीम बनाकर सरपंच, सचिव व पंच की उपस्थिति में ग्राम सभा में जनहित मूलभूत सुविधाओं की सूची व एस्टिमेट बनाकर और प्रस्तावित करवाने के लिए निर्देशित किया। सरपंचों ने पानी को सबसे बड़ी समस्या बताया। जिस पर कलेक्टर ने पेयजल की समस्या को संज्ञान में लेते हुए इसके त्वरित निराकरण के लिए बैठक में बैटे एसईसीएल के अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही बैठक में एसईसीएल के द्वारा लोकल लोगों को प्लेसमेंट एजेंसी द्वारा रोजगार मे प्रथमिकता ना देने का मामला भी आया। जिस पर कलेक्टर ने एसईसीएल के संबंधित को इसके समाधान के लिए निर्देशित किया। सरपंच श्रीमती स्वाति सिंह, पोड़ी की सरपंच श्रीमती मोहरमनिया सिंह, मानी की सरपंच श्रीमती सोनमनी सिंह ने अपनी गांव की समस्याओं को बिन्दुवार प्राथमिकता के साथ बैठक में रखा जिस पर एसईसीएल के अधिकारियों ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी बातों को संज्ञान में लेकर उन पर त्वरित कार्यवाही की जायेगी।

# संयंत्र और समुदाय में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह पर चलाया जागरूकता अभियान

**बालकोनगर ।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने 'सड़क सुरक्षा हीरो बनें' थीम पर महीने भर का अभियान आयोजित करके 35वीं राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया। अभियान का उद्देश्य संयंत्र और समुदाय के लोगों के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देना है, जिससे सभी सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए एक सुरक्षित वातावरण तैयार हो सके। 15 जनवरी से 14 फरवरी के बीच चले अभियान में लगभग 8000 व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों को जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से सड़क सुरक्षा के चैंपियन के रूप में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।



बालको ने कर्मचारियों, उनके परिवारों और व्यावसायिक भागीदारों के बीच सुरक्षित ड्राइविंग और सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए क्विज़, रैली, ड्राइंग और स्लोगन प्रतियोगिता सहित विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया। कंपनी ने सड़क सुरक्षा उपायों के महत्व को बताने के लिए जागरूकतापूर्ण नाटक और आपातकालीन अभ्यास का भी अभियान चलाया। व्यक्तियों के बीच सुरक्षित व्यवहार को प्रोत्साहित करने के लिए सर्वोत्तम पार्किंग और सुरक्षित ड्राइविंग जैसे विषयों पर प्रतियोगिता आयोजित की गई। संयंत्र के साथ कंपनी ने छात्रों के बीच जागरूकता और जिम्मेदारी की संस्कृति को बढ़ावा देते हुए आसपास के स्कूलों में ज्ञानवर्धक सुरक्षा वार्ता और प्रश्नोत्तरी आयोजित किया गया।

बालको ने अपने संयंत्र में रॉ मटेरियल और फिनिश्ड प्रोडक्ट के परिवहन के लिए भारी वाहनों का संचालन करने वाले 400 से अधिक ड्राइवरों के लिए नेत्र जांच और व्यापक स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया। सड़क सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करने के लिए संयंत्र परिसर में औचक वाहन निरीक्षण और संयंत्र के भीतर संभावित ब्लाइंड स्पॉट की पहचान कर उन्हें ठीक किया गया।

बालको अपने संयंत्र क्षेत्र में बिना रूकावट यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए बालको पुलिस के सहयोग से एक हेल्पलाइन नंबर भी लॉन्च किया। 20 सुरक्षा कर्मियों की टीम द्वारा समर्थित यह सुविधा यातायात संबंधी किसी भी चिंता का तुरंत जवाब देगी। कंपनी ने कच्चे और तैयार माल का परिवहन करने वाले 270 से अधिक भारी वाहनों क्षमता के लिए पार्किंग सुविधा स्थापित की।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि हमारे संगठन के भीतर और बाहर सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सड़क सुरक्षा पर हमारे महीने भर चलने वाले अभियान का उद्देश्य सड़क उपयोगकर्ताओं को सड़कों पर सुरक्षित रूप से चलने के लिए व्यापक ज्ञान और व्यावहारिक कौशल के साथ सशक्त बनाना है। सुरक्षा पर निरंतर जागरूकता और शैक्षिक पहल के माध्यम से हम अपने संयंत्र और समुदाय के भीतर एक सुरक्षित वातावरण बनाने के साथ सभी के बीच जिम्मेदारी और सम्मान की संस्कृति पैदा करने का प्रयास करने के लिए कटिबद्ध हैं।

मजबूत सुरक्षा संस्कृति के निर्माण की दिशा में कंपनी ने अपने प्रचालन क्षेत्र में कई अत्याधुनिक तकनीकों को शामिल किया है। एचएसएसई ने टी-पल्स निगरानी प्रणाली अपनाना जो सबसे व्यापक एआई मॉडल का उपयोग करके कैमरों के नेटवर्क के माध्यम से वास्तविक समय में संयंत्र के अंदर चल रही गतिविधि पर नज़र रखता है। ऑगमेंटेड एंड वर्चुअल रिएलिटी आधारित प्रशिक्षण केंद्र, वीडियो एनालिटिक्स, सस्टेनेबेलिटी मोबाइल ऐप और ई-लर्निंग पाठ्यक्रम जैसे डिजिटलीकरण के माध्यम से कर्मचारियों को सुरक्षा संस्कृति से जोड़ा गया है। बालको अत्याधुनिक सेंट्रलाइज्ड सिक्योरिटी ऑपरेशंस सेंटर (सीएसओसी) की मदद से यातायात एवं सड़क सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला सहित विभिन्न सुरक्षा कार्यों में बेहतर निर्णय लेने के लिए डिजिटल इंटेलिजेंस और डेटा अंतर्दृष्टि का लाभ उठा रहा है। रियल टाइम डेटा की निगरानी, हॉट स्पॉट डिटेक्शन सिस्टम जैसी परियोजनाओं सहित एंड-टू-एंड डिजिटल डैशबोर्ड की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए थर्मल निरीक्षण का उपयोग करना शामिल है। शॉप फ्लोर में भारी वाहनों के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए एलईडी लोगो प्रोजेक्टर का प्रयोग हो रहा है। सड़क सुरक्षा को बढ़ाने के लिए आंतरिक वाहन संचालन में अत्याधुनिक एआई तकनीक एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (एडीएएस) और ड्राइवर मॉनिटरिंग सिस्टम (डीएमएस) को लागू किया गया है।

### एक्सपोर्ट आउटरिच प्रोग्राम पर एकदिवसीय कार्यशाला हुई सम्पन्न

**मोहला।** जिला कार्यालय के सभा कक्ष में कलेक्टर एस जयवर्धन की अध्यक्षता में एक्सपोर्ट आउटरिच प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विदेश व्यापार महानिर्देशालय, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार से विशेषज्ञों की टीम में निखिल पाटिल, ध्रुव पारेख, सु सोनाली मोरई, के द्वारा जिला अंतर्गत उत्पादित/ विनिर्मित वस्तुओं/ सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार के निर्यात बंधू योजना के तहत उत्पादों की पहचान एवं निर्यात को बढ़ावा देने के लिए निर्मित एवं उत्पादित सामग्रियों के निर्यात की क्रम बद्ध प्रक्रियाओं एवं आवश्यक दस्तावेजीकरण के संबंध में उपस्थित जिले के राईस मिलर्स एसोसिएसन के सदस्यों, किसान उत्पाद संगठनों एवं महिला स्वयं सहायता समूहो का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टर महोदय द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को निर्मित उत्पादकों को गुणवत्ता पूर्ण निर्मित करने एवं आयात-निर्यात सर्टिफिकेट बनाने प्रेरित किया गया।



स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)